
LKS
RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928
www.loktantrakishaan.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

दिल्ली से प्रकाशित बुधवार 25 फरवरी 2026 लोकतंत्र का स्तंभ

# पीएम मोदी की इजराइल यात्रा 25-26 फरवरी को, नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 फरवरी से इजराइल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर जा रहे हैं। इस दौरान वह अपने इज़राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और इजराइली संसद नेसेट को संबोधित भी करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 12:45 बजे तेल अवीव पहुंचेंगे। आगमन पर दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच संक्षिप्त मुलाकात होगी। पहले दिन प्रधानमंत्री नेसेट को संबोधित करने के अलावा भारतीय मूल के लोगों के साथ एक सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा करेंगे। रात्रि में वह प्रधानमंत्री नेतन्याहू द्वारा आयोजित निजी रात्रिभोज में शामिल होंगे। यात्रा के दूसरे दिन 26 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी यरुशलम स्थित याद वाशेम जाकर होलोकॉस्ट स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, जहां नाजी अत्याचारों में मारे गए लाखों यहूदियों की स्मृति संरक्षित है। इसके बाद प्रधानमंत्री इज़राइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत भी होगी। वार्ता के बाद नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान भारतीय और यहूदी समुदाय के सदस्यों के साथ भी संवाद करेंगे। यह यात्रा रणनीतिक, तकनीकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग को और सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है। पिछले नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी का यह दूसरा इज़राइल दौरा होगा और दोनों देशों के बीच 'रणनीतिक साझेदारी' को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। सरकार के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इज़रायल की ऐतिहासिक यात्रा की थी। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली इज़रायल यात्रा थी, जिसके दौरान द्विपक्षीय संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक उन्नत किया गया था। इसके बाद इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जनवरी 2018 में भारत का दौरा किया था। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच हाल के वर्षों में नियमित संवाद बना रहा है। वर्ष 2023 से 2026 के बीच दोनों नेताओं ने विभिन्न अवसरों पर टेलीफोन वार्ता कर क्षेत्रीय हालात, आतंकवाद, पश्चिम एशिया की स्थिति तथा द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। गत जनवरी में दोनों नेताओं ने नववर्ष की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हुए क्षेत्रीय स्थिति की समीक्षा की। भारत-इजरायल संबंधों में रक्षा और सुरक्षा सहयोग एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। नवंबर 2025 में भारत के रक्षा सचिव की इज़रायल यात्रा के दौरान रक्षा सहयोग पर एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिससे सामरिक सहयोग को नई गति मिली है। दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश सहयोग में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सितंबर 2025 में इज़रायल के वित्तमंत्री की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय निवेश समझौता पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसका उद्देश्य निवेश संरक्षण और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। भारत और इज़रायल के बीच स्टार्ट-अप, संयुक्त अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं, भारत-इज़रायल औद्योगिक अनुसंधान एवं नवाचार कोष (आई4एफ), कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है।

## केंद्र ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम्' करने को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**। केंद्र सरकार ने केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम्' किए जाने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राज्य का नाम बदलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नए 'सेवा तीर्थ' में मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की प्रथम बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले साल जून में राज्य सरकार ने राज्य का नाम 'केरलम्' किए जाने को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद अब इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति इससे जुड़े विधेयक को आगे राज्य विधानसभा को उसका पक्ष जानने के लिए भेजेंगी। विधानसभा से उसका दृष्टिकोण मिलने के बाद इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद संसद में पेश किया जाएगा।

**ज्वलंत मुद्दा** | **संपादकीय**



## कार्टेल के खिलाफ जंग और मेक्सिको की अग्निपरीक्षा

मेक्सिको में कुख्यात ड्रग सरगना नेमेंसियो ओसेगेरा सर्वांतेस उर्फ 'एल मेंचो' के मारे जाने की खबर के बाद हुई भारी हिंसा से मेक्सिको को अनिश्चितता के दौर में लाकर खड़ा कर दिया है। आम जनता सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करती नजर आई है। नशे के कारोबार में (सीजेएनजी) प्रमुख के रूप में ड्रग लॉर्ड को न केवल मेंक्सिको, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का केंद्रीय चेहरा माना जाता था। मेक्सिको की सरकार इस कार्रवाई को बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है। किंतु ड्रग सरगना के मारे जाने के तुरंत बाद भड़की आगजनी, हाईवे जाम और सुरक्षा कर्मियों पर हमले से यह सवाल उठता है, क्या किसी सरगना के मारे जाने पर जनता का विद्रोह इस रूप में देखने को मिल सकता है? एल मेंचो पर अमेंरिका की सरकार ने बड़ा इनाम घोषित किया था। डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल से ही मेक्सिको पर ड्रग तस्करी के खिलाफ कठोर कार्रवाई का दबाव अमेंरिका की सरकार बनाती रही है। फेंटानिल संकट ने अमेंरिका की आंतरिक राजनीति को झकझोर दिया है, इसका प्रभाव द्विपक्षीय संबंधों पर पड़ना तय है।

मेक्सिको की हिंसा केवल आंतरिक सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि इसका असर अमेंरिका सहित अन्य देशों पर भी पड़ना तय है। यह घटना भू-राजनीतिक समीकरणों से भी जुड़ी दिखती है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है, क्या यह मेक्सिको की संप्रभु रणनीति का हिस्सा है, या अमेंरिकी दबाव का परिणाम है। इतिहास बताता है कि कार्टेल के शीर्ष नेता को मार देने से इस समस्या का हल नहीं होता है। इससे ड्रग के कारोबार, राजनीतिक एवं सामाजिक संबंधों में स्थिरता संभव नहीं है। 2016 में जोक्विन एल चापो गुजमान की गिरफ्तारी के बाद भी बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। आम जनता और सत्ता के बीच संघर्ष बढ़ा था।

संगठित अपराध का नेटवर्क समानांतर व्यवस्था की तरह संचालित होता है। एक चेहरा हटता है, तो उसके कई दावेदार उभरते हैं। गैंग में वर्चस्व की लड़ाई आम नागरिकों की सुरक्षा और जीवन यापन के लिए सबसे बड़ा खतरा बनती है। एल मेंचो की मौत के बाद इस तरह की घटनाएं इसी आशंका को पुष्ट कर रही हैं। ड्रग कारोबार और राजनीतिक संरक्षण का मूल मेक्सिको, अमेंरिका एवं कई अन्य देशों तक फैला हुआ है। दशकों से मेक्सिको में फैली गरीबी, बेरोजगारी, राजनीतिक संघर्ष, भ्रष्टाचार और कमजोर तथा भ्रष्ट न्यायिक व्यवस्था से जुड़ता है। मेक्सिको के सीमावर्ती इलाकों में प्रशासनिक पकड़ हमेंशा से कमजोर रही है। नशे के कारोबारी और इससे जुड़े हुए लोगों की समानांतर सत्ता चलती है। नशे के कारोबार में लगे अपराधी तत्व जिस तरह से काम करते हैं, उससे स्थानीय कारोबारियों को वसूली के डर से नियंत्रण और सीमापार तस्करी इनके साधन हैं।

**सैयद जकी हैदर | सम्पदक/प्रकाशक**
MOBE NO.9911371802
EMAIL. SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग ने 27 साल बाद आयोजित किया राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन, सीईसी बोले- मतदाता हमारे केंद्र में



**नई दिल्ली**। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन का उद्घाटन किया। यह सम्मेलन में 27 वर्ष बाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें चुनाव आयोग (ईसीआई) और राज्य चुनाव आयुक्त एक साथ आ रहे हैं। ज्ञानेश कुमार ने यहां भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राष्ट्रीय हित और संवैधानिक समन्वय को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोगों को मिलकर काम करना चाहिए और हर निर्णय में मतदाता को केंद्र में रखना चाहिए। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त डॉ. एसएस संधु और डॉ. विवेक जोशी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया और विचार-विमर्श की रूपरेखा प्रस्तुत की। आयोग ने "लोकतंत्रों का संगम" नामक पुस्तक का लोकार्पण भी किया। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन में ईवीएम, ईसीआईनेट और मतदाता सूची साझा करने पर प्रस्तुति दी जाएंगी। विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारी मतदाता सूची प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने और संस्थागत समन्वय को बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। इन चर्चाओं का मुख्य केंद्र "एक मतदाता सूची" की अवधारणा है, जिसका उद्देश्य विभिन्न संवैधानिक आदेशों द्वारा शासित अधिकार क्षेत्रों में मतदाता आंकड़ों की एकरूपता सुनिश्चित करना है।


### उपराष्ट्रपति और गृहमंत्री ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता की 78वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि जयललिता एक करिश्माई नेता थीं, जिन्होंने तमिलनाडु के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी। उल्लेखनीय दृढ़ संकल्प और प्रशासनिक दक्षता के साथ उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण, गरीबों के उत्थान और समावेशी विकास के उद्देश्य से अनेक कल्याणकारी योजनाओं का नेतृत्व किया। तमिलनाडु की प्रगति और समृद्धि में उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा और उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट में कहा कि गरीबों के कल्याण और महिला सशक्तीकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने तमिलनाडु के विकास को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि जयललिता ने यह सुनिश्चित किया कि शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जनसेवा के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि जयललिता (24 फरवरी 1948 से 05 दिसंबर 2016) जिन्हें अम्मा के नाम से भी जाना जाता था, एक भारतीय अभिनेत्री, राजनीतिज्ञ और समाजसेवी थीं। उन्होंने 1991 से 2016 के बीच करीब 14 वर्षों तक छह बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया।

## जनसांख्यिकीय परिवर्तन, घुसपैठ और अवैध धार्मिक निर्माण जैसे मुद्दों पर हाईलेवल बैठक करने जा रहे शाह


**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 से 27 फरवरी तक बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंच रहे है। जिसमें वे विशेष रूप से जनसांख्यिकीय परिवर्तन, घुसपैठ और अवैध धार्मिक निर्माण जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने वाले है। यह बिहार में इस तरह की पहली उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक होगी, जिसमें बिहार के सीमांचल के सात जिलों किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा और सुपौल के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक होगी। दरअसल बिहार के ये सभी जिले भारत-नेपाल और भारत-बांग्लादेश सीमाओं के निकट स्थित होने के कारण लंबे समय से सुरक्षा और आवाजाही की दृष्टि से संवेदनशील रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शाह की इस हाईलेंवल बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की प्रस्तुतियों के साथ खुफिया आकलन पर चर्चा होगी। मुख्य विषयों में जनसांख्यिकीय परिवर्तनों, अवैध घुसपैठ की घटनाओं और कथित अनधिकृत धार्मिक निर्माणों की समीक्षा शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने और सुरक्षा कमियों को दूर करने के उपायों पर विशेष जोर देने वाले है। यह पहल सीमांचल क्षेत्र पर केंद्र के बढ़ते ध्यान को दर्शाती है, जहां अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निकटता और जटिल सामाजिक-आर्थिक स्थिति के कारण सुरक्षा और राजनीतिक चर्चाएँ लगातार रहती हैं। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री शाह बिहार में व्यापक सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा के लिए भी कई बैठकें करने वाले है।

## दिल्ली में एआई समिट के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़ने की थी साजिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के भारत मंडपम में 16-21 फरवरी तक आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भंग करने की कथित साजिश का खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य अतिथियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के बीच कुछ आक्रामक तत्वों ने पूर्वनियोजित तरीके से सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें काबू किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त (क्राइम) देवेश श्रीस्तााव ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य अतिथियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के बीच कुछ आक्रामक तत्वों ने पूर्वनियोजित तरीके से सुरक्षा घेरा तोड़ने की कोशिश की। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें काबू किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी को चोटें भी आईं। मामले में थाना तिलक मार्ग में एफआईआर संख्या 19/2026 भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं 61(2), 121(1), 132, 190, 195(1), 221, 223(A), 196, 197 और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में कई लोगों की संलिप्तता सामने आई। कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर कुछ संदिग्धों की पहचान की गई। जांच एजेंसियों को ऐसे अन्य व्यक्तियों की भी जानकारी मिली है, जिन्होंने कथित तौर पर इन आक्रामक तत्वों को लॉजिस्टिक और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान की। पुलिस के अनुसार अब तक कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार व्यक्तियों में भारतीय युवा कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल हैं। सभी आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई है। इसी क्रम में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को भी मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 191(1) और 192 भी जोड़ी हैं। पुलिस का दावा है कि अब तक की जांच में यह मामला गहन षड्यंत्र के तहत अंजाम दिया गया प्रतीत होता है, जिसके पुख्ता साक्ष्य जुटाए गए हैं। स्पेशल सीपी के मुताबिक, मामले की बहु-राज्यीय पृष्ठभूमि, आरोपितों के बीच संभावित वित्तीय एवं लॉजिस्टिक नेटवर्क और व्यापक साजिश के पहलुओं को देखते हुए आगे की जांच अब दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल को सौंप दी गई है। पुलिस अन्य चिन्हित आरोपितों और संदिग्धों की तलाश में दिल्ली समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर रही है।

## उमा भारती की बहू एवं भतीजे को बम से उड़ाने की धमकी

**टीकमगढ़**। भाजपा की फायरब्रांड नेत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री की बहू एवं भतीजे को बम से उड़ाने की खबर सामने आने के बाद सनसनी फैल गई है। इतना ही नहीं फेसबुक पर मिली इस धमकी के बाद दो अज्ञात लोग उनके बंगले पर पहुंचे और धमकी दी। हालांकि जिला पंचायत अध्यक्ष की शिकायत के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की बहू श्रीमती उमिता-राहुल लोधी टीकमगढ़ जिला पंचायत की अध्यक्ष हैं। उन्होंने शिकायत में बताया है कि बीती 21 तारीख को उन्होंने फेसबुक पर कोई पोस्ट की थी। इस पोस्ट पर 22 फरवरी की रात किसी जीडब्ल्यू बृजेंद्र कुशवाहा की आईडी से धमकाने वाला कमेंट आया। इस कमेंट में उन्हें और उनके पति पूर्व मंत्री राहुल लोधी को जान से मारने एवं बम से उड़ाने की धमकी दी गई। जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अमिता-राहुल सिंह ने इस कमेंट के स्क्रीनशॉट को सुरक्षित किया। फिर इसी रात 11 बजे के लगभग देहात थाना अंतर्गत स्थित उनके बंगले पर दो अज्ञात युवक चेहरा ढक्कर पहुंचे। उन्होंने छज्जे से इन दोनों को देखा।

## एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के समुचित एकीकरण से पर्यटन अनुभव बेहतर होगाः उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली**। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का समुचित एकीकरण पर्यटन अनुभव को अधिक सुगम, स्मार्ट और आकर्षक बना सकता है। उपराष्ट्रपति मंगलवार को यहां आयोजित पर्यटन नेतृत्व शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन का आयोजन यूएस-इंडिया पार्टनरशिप फोरम ने सांकला फाउंडेशन के सहयोग से किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र तेजी से डिजिटल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में एआई, डेटा एनालिटिक्स, वर्चुअल रियलिटी तथा स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी तकनीकों को अपनाना आवश्यक है।

इन तकनीकों के माध्यम से पर्यटकों को व्यक्तिगत सेवाएं, बेहतर मार्गदर्शन, सुरक्षित यात्रा और समृद्ध अनुभव प्रदान किए जा सकते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में घोषित 'टूरिज्म विजन 2029' के तहत प्रत्येक राज्य में कम-से-कम एक विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

## 'सेवा तीर्थ' गतिशीलता, निष्ठा और समाधान को बढ़ावा देगा, नये कार्यालय में मंत्रिमंडल की पहली बैठक



**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज प्रधानमंत्री के नये कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में केंद्रीय मंत्रिमंडल की ऐतिहासिक प्रथम बैठक हुई। पहली बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर 'सेवा तीर्थ' की नई ऊर्जा और 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की तीव्र गति से भारत को निकट भविष्य में विश्व की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाने का दृढ़ संकल्प लिया गया। इसमें कहा गया, " 'सेवा तीर्थ' उस गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता का उत्तर है, जो जड़ता की जगह गतिशीलता को, उदासीनता की जगह निष्ठा को और संदेह की जगह समाधान को बढ़ावा देता है। पहली बैठक में पारित प्रस्ताव को केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में पढ़ा। इसमें कहा गया कि आज़ादी के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय साउथ ब्लॉक में आधुनिक और सामर्थ्य भारत का सपना देखा गया। अब 'सेवातीर्थ' में संकल्पना को साकार किया जाएगा। प्रस्ताव में स्थान का इतिहास बताते हुए कहा गया है कि 'सेवा तीर्थ' उन अस्थायी बैरकों के स्थान पर बना है, जो ब्रिटिश काल के थे। उस स्थान पर राष्ट्र संचालन के सक्रिय संस्थान का निर्माण नए भारत के कायाकल्प का भी प्रतीक है। इसमें कहा गया कि 'गुलामी के कालखंड से पहले भारत अपनी भौतिक भव्यता और मानवीय मूल्यों के लिए जाना जाता था। सेवातीर्थ की संकल्पना इन दोनों ही आदर्शों से मिलकर बनी है। मूल भावना है कि कर्तव्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी से यह कार्यस्थल एक तीर्थ की भांति पवित्र हो। इसमें इस संकल्प को दोहराया गया कि 'सेवा तीर्थ' में हो रही इस पहली बैठक के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल का हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवाभाव से प्रेरित होगा और राष्ट्र निर्माण के व्यापक लक्ष्य से जुड़ा होगा।

## कैबिनेट ने गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक अहमदाबाद मेट्रो विस्तार को दी मंजूरी, 1,067 करोड़ रुपये की परियोजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को गुजरात मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (जीएमआरसी) के मौजूदा उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर को गिफ्ट सिटी से शाहपुर तक 3.33 किलोमीटर विस्तारित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1,067.35 करोड़ रुपये है और इसे लगभग चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि यह पूरा खंड एलिवेटेड (ऊपर से गुजरने वाला) होगा तथा इसमें तीन नए एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। यह विस्तार अहमदाबाद शहर और गिफ्ट सिटी क्षेत्र के बीच सार्वजनिक परिवहन संपर्क को और मजबूत करेगा। प्रस्तावित रूट के आसपास स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और आवासीय क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना के क्रियान्वयन से वर्ष 2029 तक प्रतिदिन लगभग 23,702 यात्रियों के इस कॉरिडोर के उपयोग का अनुमान है, जो वर्ष 2041 तक बढ़कर लगभग 58,059 प्रतिदिन हो सकता है। इससे अहमदाबाद और गिफ्ट क्षेत्र के बीच व्यवसाय, रोजगार तथा शिक्षा से जुड़े आवागमन की आवश्यकता को सुगम और तेज बनाया जा सकेगा। विस्तार से नेटवर्क एकीकरण बेहतर होगा और उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर की समग्र उपयोगिता बढ़ेगी। इससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी, यातायात दबाव घटेगा और पर्यावरणीय लाभ भी प्राप्त होंगे। परियोजना के निर्माण चरण में लगभग 1,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने की संभावना है, जबकि संचालन एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस) चरण में लगभग 250 लोगों को स्थायी रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, निर्माण, आपूर्ति, सेवाओं तथा सहायक गतिविधियों के माध्यम से अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में उत्पन्न होंगे।

## तीन मंजिला मकान में भीषण आग, पांच मासूमों समेत महिला जिंदा जली

**मेरठ**। यूपी के मेरठ जिले से सोमवार रात किदवईनगर इलाके में एक कपड़ा व्यापारी के तीन मंजिला मकान में भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में परिवार की एक महिला और पांच मासूम बच्चों की जलकर मौत हो गई। किदवईनगर निवासी कपड़ा व्यापारी इकबाल अंसारी का तीन मंजिला मकान है। घर के ग्राउंड फ्लोर पर रेडीमेड कपड़ों का बड़ा गोदाम है, जबकि ऊपर की मंजिलों पर परिवार रहता था। सोमवार रात करीब 9 बजे, अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और आग कपड़ों के गोदाम तक पहुंच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। कपड़ों का स्टॉक होने की वजह से लपटें इतनी तेज थीं कि उन्होंने चंद मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ऊपर रह रहे परिवार को नीचे उतरने का मौका तक नहीं मिला और घर धुएं के गुबार में तब्दील हो गया।सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जब टीम अंदर दाखिल हुई, तो वहां का मंजर देखकर दिल भर आया। इस अग्निकांड ने इन 6 लोगों की जान ले ली। जिसमें रुखसार (30) आसिम की पत्नी, अद्स (3), नबिया (6 माह), इनायत (6 माह) रुखसार के बच्चे, महविश (12) और हम्माद (4) फारूक के बच्चे थे।

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen .
( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### मयूर विहार के मॉल पार्किंग में कार में मिला ड्राइवर अचेत, प्रारंभिक जांच में प्राकृतिक मौत की आशंका

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार इलाके में सोमवार शाम एक मॉल की पार्किंग में खड़ी कार के अंदर एक व्यक्ति अचेत अवस्था में मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार 23 फरवरी की शाम करीब 5:55 बजे थाना मयूर विहार को पीसीआर कॉल मिली कि स्टार सिटी मॉल की पार्किंग में खड़ी एक गाड़ी के अंदर एक व्यक्ति बेहोश पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार में मौजूद व्यक्ति को बाहर निकाला। जांच में मृतक की पहचान नरेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर बताए जा रहे हैं। मौके पर शरीर पर किसी तरह के बाहरी चोट के निशान नहीं मिले। एहतियातन क्राइम टीम को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया गया। पुलिस ने पार्किंग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के विश्लेषण में किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि सामने नहीं आई। जांच में यह भी पता चला कि दोपहर 12:05 बजे के बाद मृतक की कोई गतिविधि रिकॉर्ड नहीं हुई। तलाशी के दौरान मृतक के पास से अस्थमा से संबंधित दवाइयां भी बरामद हुईं। प्रथम दृष्टया मामला प्राकृतिक मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए शव को अस्पताल भेजकर सुरक्षित रखवाया गया है। जहां पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रणहौला के स्कूल में आग, गार्ड की दम घुटने से मौत

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। बाहरी दिल्ली के रणहौला इलाके स्थित एक स्कूल में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से स्कूल के गार्ड की मौत हो गई। प्रारंभिक आशंका है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है। दिल्ली दमकल विभाग के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। जांच में सामने आया कि आग देर रात ही लग गई थी, लेकिन इसकी जानकारी सुबह उस समय हुई जब स्कूल स्टाफ वहां पहुंचा। आग स्कूल परिसर के गार्ड रूम में लगी थी। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के दौरान अंदर से एक शव बरामद किया, जिसकी पहचान स्कूल के गार्ड नरेश (58) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आग की सूचना मिलते ही स्कूल और आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दमकलकर्मियों ने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत और आग लगने की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

### गायक जुबिन नौटियाल से जुड़ी सामग्री के बिना अनुमति इस्तेमाल पर रोक

**लोकतंत्र की शान : नई दिल्ली**। दिल्ली उच्च न्यायालय ने संगीतकार जुबिन नौटियाल के व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा की है। जस्टिस तुषार राव गडेला की बेंच ने बिना अनुमति जुबिन नौटियाल से जुड़े किसी भी कंटेंट के इस्तेमाल पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया है। कोर्ट ने जुबिन नौटियाल से जुड़े लिंक, वीडियो, वेबसाइट्स और मोबाइल ऐप पर कंटेंट का बिना अनुमति इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी है। नौटियाल ने याचिका दायर कर कहा था कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डीपफेक और मशीन लर्निंग टूल्स का इस्तेमाल कर उनकी आवाज, मिमिक्री और गाने के स्टाइल का बिना अनुमति इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ मामलों में तो उनके चेहरे और आवाज को बदल कर कंटेंट क्रिएट किए गए हैं। इस मामले पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने 19 फरवरी को जुबिन नौटियाल से पूछा था कि इस मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय का क्षेत्राधिकार कैसे बनता है, जबकि जुबिन उत्तराखंड के रहने वाले हैं और कुछ प्रतिवादी रोमानी और संयुक्त अरब अमीरात के हैं। इसके पहले उच्च न्यायालय कई मशहूर हस्तियों के व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा का आदेश दे चुका है। उच्च न्यायालय ने फिल्म अभिनेत्री काजोल देवगन, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण, पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर, फिल्म अभिनेता सलमान खान, अभिनेता अजय देवगन, अभिनेत्री और सांसद जया बच्चन, पत्रकार सुधीर चौधरी, आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर, तेलुगु अभिनेता नागार्जुन, अभिनेत्री ऐश्वर्या राय, अभिषेक बच्चन और फिल्म प्रोड्यूसर करण जौहर के व्यक्तित्व से जुड़ी सामग्री का बिना अनुमति इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया था।




### मेक फॉर द वर्ल्डः मोजाम्बिक पहुंचा भारत का 10वां स्वदेशी लोकोमोटिव

लोकतंत्र की शान : मापुतो। भारत ने एक बार फिर ग्लोबल स्टेज पर लोकोमोटिव (ट्रेन का इंजन) मैन्युफैक्चरिंग में देश की टेक्नोलॉजिकल ताकत और इंडस्ट्रियल एक्सीलेंस को दिखाया है। भारत ने अपने 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के मुताबिक ग्लोबल साउथ के देश मोजाम्बिक को 3,300 हॉर्सपावर वाले एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं और आखिरी यूनिट भेज दी है। मोजाम्बिक स्थित भारतीय उच्चायोग ने 23 फरवरी को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक मीडिया रिपोर्ट को साझा करते हुए यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार ये इंजन बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू), वाराणसी द्वारा तैयार किए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है यह माइलस्टोन बीएलडब्ल्यू की बढ़ती ग्लोबल कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है और इंडियन रेलवे की एक भरोसेमंद मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट पार्टनर के तौर पर इंटरनेशनल रेप्युटेशन को मजबूत करता है। राइट्स लिमिटेड के जरिए किए गए एक एक्सपोर्ट कॉन्ट्रैक्ट के तहत तय टाइमफ्रेम के अंदर लोकोमोटिव को विभिन्न चरणों में बनाया गया था। बीएलडब्ल्यू में डिजाइन और मैन्युफैक्चर किए गए, ये स्टेट-ऑफ-द-आर्ट 3,300 एचपी केप गेज (1,067 एमएम) लोकोमोटिव 100 किमी प्रति घंटा तक की स्पीड से ऑपरेट करने में समर्थ हैं। ये इंजन इंटरनेशनल स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, जिनमें एडवांस्ड एसी-एसी ट्रैक्शन टेक्नोलॉजी, एक मॉडर्न और एर्गोनोमिक कैब डिजाइन और रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट तथा मोबाइल होल्डर जैसी बेहतर ड्राइवर-कम्फर्ट सुविधाएं हैं। बीएलडब्ल्यू ने अब तक तंजानिया, वियतनाम, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, सूडान, अंगोला, म्यांमार, सेनेगल, माली और मोजाम्बिक समेत 11 देशों को 182 लोकोमोटिव एक्सपोर्ट किए हैं, जिसने इन देशों के ट्रेन सिस्टम के डेवलपमेंट और मॉडर्नाइजेशन में काफी मदद की है। यह कामयाबी साफ तौर पर भारत की बढ़ती टेक्नोलॉजिकल आत्मनिर्भरता, इंडस्ट्रियल काबिलियत और ग्लोबल रेलवे इक्विपमेंट मार्केट में उसके लगातार बढ़ते असर को दिखाती है। यह छोटे-छोटे कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन को आगे बढ़ाने और देश को एक्सपोर्ट हब बनाने में दिशा में काफी उपयोगी साबित होंगे।

# भोपाल में कांग्रेस की 'किसान महाचौपाल'

लोकतंत्र की शान, संवाददाता जीशान अली



**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित किसान महाचौपाल में तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ट्रेड डील के जरिए देश की संप्रभुता और किसानों के हितों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास गिरवी रख दिया है। किसानों के उमड़े जनसैलाब के बीच कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को डरपोक और 'सरेंडर मोदी' करार देते हुए कहा कि अपने 60 साल के राजनीतिक जीवन में उन्होंने इतना डरपोक प्रधानमंत्री नहीं देखा। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक शब्द नहीं कहा। खरगे ने तंज कसते हुए कहा कि जो प्रधानमंत्री रविवार को 'मन की बात' करते हैं, वे सोमवार को संसद में आकर विपक्ष से आंख मिलाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। वे न तो प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं और न ही सदन में अपनी बात को रखते हैं। खरगे ने हालिया ट्रेड डील का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समझौता बराबरी का नहीं, बल्कि गुलामी का है। अमेरिका अपना घटिया माल भारत में बेचेगा, जिससे भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि समझौते के मुताबिक भारत को पांच साल में अमेरिका से कुल 45 लाख करोड़ रुपये (500 बिलियन डॉलर) का सामान खरीदना होगा। पहले भारत अमेरिका को आयात से अधिक निर्यात करता था और फायदे में रहता था, लेकिन अब वह घाटा उठाएगा। उन्होंने कहा कि इस समझौते से भारत के कपड़ा व चमड़ा उद्योग खत्म हो जाएंगे और सोयाबीन व फल उगाने वाले किसान भी प्रभावित होंगे। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच खरगे ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताते हुए कहा कि अमेरिका की धमकी के आगे झुककर मोदी ने रूस और ईरान से सस्ता तेल खरीदना बंद कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि आख़िर प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने क्यों घुटने टेक रहे हैं?

# डीजीएचएमओडब्ल्यूए द्वारा "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर सीएमई का सफल आयोजन



लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** Delhi Government Homoeopathic Medical Officers Welfare Association (DGHMOWA) द्वारा "स्वास्थ्य सेवा एवं होम्योपैथी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका" विषय पर एक सफल सतत चिकित्सा शिक्षा (CME) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीएमई चेयरमैन डॉ. अमृत कालसी, HOO, निदेशालय आयुष, जीएनसीटी दिल्ली के मार्गदर्शन में सम्पन्न सम्पन्न हुआ। इस शैक्षणिक कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। मुख्य वक्ताओं में डॉ. जितेश, डॉ. सुनील कनाडा, डॉ. कुंदन तथा Delhi Technological University (DTU) की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकिता शामिल रहीं। वक्ताओं ने स्वास्थ्य सेवाओं, क्लीनिकल प्रैक्टिस, अनुसंधान एवं डेटा प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# इंडिया एआई इम्पैक्ट में IYC पदाधिकारी भी उपद्रव में शामिल

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** 20/02/2026 को, जब भारत मंडपम इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट चल रहा था, उस दौरान अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, प्रतिनिधियों और आगंतुकों के समक्ष सुरक्षा घेरा भंग करने की एक पूर्वनियोजित कोशिश देखी गई। आक्रामक तत्वों को तुरंत काबू किया गया इन्हें काबू करने का प्रयास करते समय ड्यूटी पर तैनात कुछ पुलिस कर्मियों को चोटें भी आईं। इस संबंध में, तिलक मार्ग थाने में FIR No. 19/2026 भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 61(2)/121(1)/132/190/195(1)/221/223(A)/ 196/197/3(5) दर्ज की गई तथा जांच शुरु की गई। जिसमे प्रथम दृष्ट्या कई लोगो की संलिप्तता की बात सामने आई। जांच के दौरान कई व्यक्ति कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के CCTV कैमरों में भी देखे गए। इसके साथ ही कई अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के बारे में भी पता चला है जो इन आक्रामक तत्वों को इस कृत्य के लिए विभिन्न प्रकार से सहायता दे रहे थे। मामला दर्ज होने के बाद से अब तक कुल 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा अन्य चिन्हित अभियुक्तों एवं संदिग्धों की पूछताछ, तलाशी एवं छापेमारी की कार्यवाही जारी है। गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों में Indian Youth Congress (IYC) के पदाधिकारी भी शामिल हैं। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। इस प्रक्रिया में IYC के अध्यक्ष उदय भानु चिब को भी गिरफ्तार किया गया है। इस सन्दर्भ में पूरी साज़िश का पता करने के उद्देश्य से अन्य राज्यों की पुलिस के साथ भी लगातार समन्वय स्थापित कर छापेमारी की जा रही है। जांच के दौरान भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 191(1) तथा 192 को भी जोड़ा गया है। अब तक की जांच के आधार पर गहन षडयंत्र के तहत इस अपराध को अंजाम दिया गया है और इसके पुख्ता प्रमाण हमें मिल चुके है। बहु-राज्यीय पृष्ठभूमि, आरोपियों के बीच निहित वित्तीय एवं लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण तथा जांच की व्यापक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस प्रकरण की आगे की जांच क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल को स्थानांतरित कर दी गई है। इस पूर्ण प्रकरण की विस्तारपूर्वक जांच की जा रही है।

# भारत के नंबर 1 एसी ब्रांड वोल्टास ने एआई-संचालित स्प्लिट एयर कंडीशनर पेश किए; अब हर भारतीय घर को मिलेगा स्मार्ट और व्यक्तिगत कूलिंग अनुभव

'हर घर वोल्टास'

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्लीः** टाटा समूह के भारत के नंबर 1 एसी ब्रांड, वोल्टास ने अपना 'समर 2026' पोर्टफोलियो पेश किया है। इसकी अगुवाई AI-इनेबल्ड वर्टिस स्प्लिट एसी सीरीज कर रही है, जो विशेष रूप से भारतीय परिस्थितियों के लिए तैयार की गई इंटेलिजेंट कूलिंग की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

**भारतीय परिस्थितियों के लिए तैयार AI-संचालित कूलिंग-** समर 2026 रेंज का मुख्य आकर्षण वोल्टास का AI पावर्ड इन्वर्टर स्प्लिट एसी पोर्टफोलियो है। इसमें सिर्फ मैनुअल टेम्परेचर कंट्रोल से आगे जाकर एक ऐसा सिस्टम बनाया गया है जो लगातार सीखकर खुद को बेहतर बनाता रहता है। नई वर्टिस AI सीरीज भारत के बेहद अलग और गर्म मौसम के अनुसार खुद को ढालती है। यह तापमान, नमी और इस्तेमाल के पैटर्न को समझकर काम करती है।




- AI एडाप्टिव कूलिंग : यह कूलिंग की तीव्रता को अपने आप एडजस्ट करती है, ताकि जरूरत से ज्यादा ठंडक न हो और परिवार के हर सदस्य को उनकी पसंद के अनुसार व्यक्तिगत आराम मिले।
- AI एनर्जी मैनेजर : वोल्टास इंटेलिजेंस ऐप के साथ एकीकृत यह फीचर यूज़र्स को महीने की बिजली खपत का लक्ष्य तय करने की सुविधा देता है। इसके बाद, एसी रियल-टाइम में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाता है ताकि आराम और बिजली की बचत के बीच सही संतुलन बना रहे—यह भारतीय घरों की सबसे बड़ी चिंता का सीधा समाधान है।
- AI जियोफेंसिंग : यह फीचर यूज़र के घर पहुंचने से पहले ही कमरे को ठंडा करना शुरू कर देता है, ताकि उन्हें घर पहुंचते ही तुरंत आराम मिले। साथ ही, जब घर में कोई नहीं होता, तो यह अनावश्यक बिजली की खपत को रोकता है।

# अरुणाचल महोत्सव का प्रथम संस्करण नई दिल्ली में सफलतापूर्वक सम्पन्न

**6000 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति; अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन**

लोकतंत्र की शान




**नई दिल्लीः** पर्यटन विभाग, अरुणाचल प्रदेश सरकार द्वारा भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से आयोजित फेस्टिवल ऑफ अरुणाचल 2026 का प्रथम संस्करण नई दिल्ली के Dilli Haat, आईएनए में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय इस महोत्सव ने राष्ट्रीय राजधानी में राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और उभरती पर्यटन संभावनाओं को प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। 21–22 फरवरी 2026 को आयोजित इस महोत्सव में दो दिनों के दौरान 6000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जो अरुणाचल प्रदेश की विविध परंपराओं, हस्तशिल्प और पर्यटन आकर्षणों के प्रति जन-रुचि को दर्शाता है। महोत्सव में अरुणाचल प्रदेश की विभिन्न जनजातियों और जिलों से आए प्रदर्शकों ने स्वदेशी हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित वस्त्र, जैविक कृषि उत्पाद, पारंपरिक व्यंजन तथा समुदाय-आधारित उद्यमों का प्रदर्शन किया। आगंतुकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, एथनिक फैशन शो, जनजातीय संगीत और पारंपरिक याक नृत्य का आनंद लिया। विशेष रूप से तैयार किए गए ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियों के माध्यम से राज्य के मनोहारी प्राकृतिक दृश्यों और उभरते पर्यटन अनुभवों को भी प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा, पर्यटन, ग्रामीण कार्य, पुस्तकालय एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री पासांग दोरजी सोना ने कहा, "फेस्टिवल ऑफ अरुणाचल 2026 हमारे राज्य की पहचान, संस्कृति और पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक दर्शकों तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर, हस्तशिल्प और पर्यटन की शक्तियों को प्रदर्शित करता है तथा समुदाय-आधारित उद्यमों के लिए सार्थक बाज़ार अवसर भी सृजित करता है। हमारा लक्ष्य अरुणाचल प्रदेश को देश के अग्रणी अनुभवात्मक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों में स्थापित करना है। ऐसे प्रयास भारतभर में सांस्कृतिक जुड़ाव को सुदृढ़ करते हैं और स्थानीय उद्योगों के प्रति विश्वास को बढ़ाते हैं।"

# पिता ही करवाता था बच्चों से चोरी, दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। मध्य जिले के जामा मस्जिद थाना पुलिस ने विदेशी नागरिक से 7200 अमेरिकी डॉलर चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए दो नाबालिग भाइयों और उनके पिता को पकड़ा है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 98.36 प्रतिशत रकम बरामद कर ली है। मध्य जिले के पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने मंगलवार को बताया कि 15 जनवरी 2026 को एक उज्बेकिस्तान निवासी विदेशी नागरिक की शिकायत पर ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। वह अपनी नाबालिग बेटी के कैंसर ऑपरेशन के सिलसिले में गुरुग्राम आया हुआ था। घुमने और खरीदारी के लिए वह परिवार के साथ जामा मस्जिद बाजार पहुंचा था। होटल में विदेशी मुद्रा छोड़ने से बचने के लिए वह 7200 अमेरिकी डॉलर (100-100 डॉलर के 72 नोट) स्लिंग बैग में रखकर लाया था। बाजार में अज्ञात लोगों ने उसके बैग से रकम चोरी कर ली। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी के जरिए दो संदिग्ध किशोरों की पहचान न्यू सीलमपुर निवासी 15 वर्षीय और 13 वर्षीय के रूप में हुई। छापेमारी कर दोनों को पकड़ लिया गया। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों किशोर अपने पिता के इशारे पर चोरी करते थे। पिता ही मास्टरमाइंड था, जो बच्चों से वारदात कराकर खुद चोरी की रकम अपने पास रखता था, ताकि सीधे तौर पर गिरफ्तारी से बच सके। पुलिस ने आरोपित पिता को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, मुख्य आरोपित पहले भी पांडव नगर थाने में दर्ज लूट के मामले में शामिल रह चुका है।

# कोर्ट का दिल्ली पुलिस को निर्देश- एआई समिट में प्रदर्शन के मामले में उदय भानु चिब को एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराएं

लोकतंत्र की शान

**नई दिल्ली**। दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया है कि भारत मंडपम में एआई समिट में 20 फरवरी को शर्टलेस प्रदर्शन करने के मामले में यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराए। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास रवि ने ये आदेश दिया। चिब ने इस मामले में दर्ज एफआईआर उपलब्ध कराने की मांग की थी। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा था कि ये मामला संवेदनशील है इसलिए एफआईआर उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है। इस पर कोर्ट ने कहा कि महज ये कहना कि मामला संवेदनशील है, एफआईआर उपलब्ध कराने के अधिकार से मना नहीं किया जा सकता है। अपराध की प्रकृति की पड़ताल होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पव्रदर्शन एक सांकेतित प्रदर्शन था और ये कोई आतंकी कार्रवाई नहीं थी। ऐसे में एफआईआर को उपलब्ध नहीं कराना संविधान के अनुच्छेद 21 और 22 का उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने आज ही चिब को को चार दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने चिब को कोर्ट में पेश किया था और सात दिनों की हिरासत की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि चिब ने इस प्रदर्शिशन की साजिश रची और प्रदर्शन करने वालों को लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराए। दिल्ली पुलिस ने कहा कि केस की जांच के लिए 7 दिन की हिरासत की जरूरत है। इसके पहले 21 फरवरी को कोर्ट ने यूथ कांग्रेस के चार कार्यकर्ताओं को पांच दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। आरोपितों को 20 फरवरी को दोपहर में प्रगति मैदान के भारत मंडपम में प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तार किया गया था।

# बंगाल में एसआईआर के लिए बाहरी न्यायिक अधिकारियों की तैनाती को मंजूरी

लोकतंत्र की शान



**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में दावे और आपत्तियों का निपटारा करने के लिए राज्य के बाहर के न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वे इस काम में तीन साल के अनुभव वाले एडिशनल सिविल जजों के अलावा झारखंड और ओडिशा से भी न्यायिक अधिकारियों की तैनाती करें। दरअसल, कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि राज्य में 'तार्किक विसंगति' के 50 हजार से ज्यादा मामले हैं, जिनका निपटारा करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की कमी पड़ जाएगी। उच्च न्यायालय की ओर से कहा गया कि इस काम के लिए करीब 250 न्यायिक अधिकारियों को 80 दिनों तक तैनात करना पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल से बाहर के न्यायिक अधिकारियों की तैनाती पर आया खर्च निर्वाचन आयोग वहन करेगा। निर्वाचन आयोग राज्य के बाहर के न्यायिक अधिकारियों की यात्रा, ठहरने और मानदेय का खर्च वहन करेगा। उच्चतम न्यायालय ने 20 फरवरी को 'तार्किक विसंगति' सूची में डाले गए लोगों की ओर से जमा किए दावों के निपटारे के लिए राज्य के न्यायिक अधिकारियों को तैनात करने का आदेश दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया था कि वह सेवारत और रिटायर्ड एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज स्तर के न्यायिक अधिकारियों को विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के लिए उपलब्ध कराएं। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के कलेक्टर और एसपी को निर्देश दिया था कि वे न्यायिक अधिकारियों को हरसंभव मदद करें, ताकि ये प्रक्रिया पूरी की जा सके। कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को निर्देश दिया था कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण के काम में लगे अधिकारियों को मिलने वाली धमकियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में हलफनामा दाखिल करें। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि बंगाल में बड़े दुर्भाग्यपूर्ण हालत हैं, जहां दो संवैधानिक संस्थाएं निर्वाचन आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। दोनों के बीच विश्वास की कमी साफ नजर आती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चंचल सागर को अंबेडकर जन्मोत्सव समिति कि फिर से अध्यक्ष बनने पर दी बधाई



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुर** : मंगलवार को संत रविदास सेवा समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की फिर से अध्यक्ष बनी चंचल सागर को उनके आवास पर बधाई दी, बताते चलें कि सोमवार को अंबेडकर जयंती समारोह को मनाने के लिए पूर्व में बनी दो विवादित समितियां भंग कर दी गई जिसके बाद पुरानी समिति अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के हाथ में फिर से अंबेडकर जन्म उत्सव मनाने की कमान सौंप दी गई जिसको लेकर समाज के लोगों में उत्साह एवं उमंग देखी गई, इसी क्रम में मंगलवार को अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर को संत रविदास सेवा समिति के संस्थापक पंडित धर्मवीर जाटव वह अध्यक्ष फतेहचंद तथा उपाध्यक्ष ओमकार सिंह आदि ने उनको फिर से अंबेडकर जन्मोत्सव समिति का अध्यक्ष बनने तथा अंबेडकर जयंती को पहले से भी और अधिक भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी,वही अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने सभी को भरोसा दिलाया कि इस बार भी अंबेडकर जयंती पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ और भी भव्य रूप से मनाई जाएगी जिसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग अपेक्षित है ।

### विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस कंप्यूटर भाषाओं के क्षेत्र में विशेष जानकारी दी गई



**लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहाः हसनपुरः** मंगलवार को महाविद्यालय चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का उद्घाटन समाजसेवी एवं शिक्षाविद् तुषित गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौनावाली डगरोली में किया । उन्होने निर्धारित विषय वस्तु कौशल विकास हेतु युवा के माध्यम से कंप्यूटर भाषाओं के क्षेत्र में विशेष जानकारी देते हुए कहा की हमें अपने युवा वर्ग को आज की मांग के अनुसार ध्यान केंद्रित करते हुए प्रशिक्षित करना चाहिए । आज के युग में कंप्यूटर भाषाएं जैसे C, C++, Java, .Net आदि भाषाओं में किसी भी भाषा का कुशल प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए । जिससे हमारे युवा समाज के लिए रोजगार के विभिन्न अवसर प्राप्त होंगे , तभी हमारा राष्ट्र विकसित भारत 2047 के सपने साकार करने में सफल होगा । उन्होंने बताया की कंप्यूटर भाषा में रोजगार के हजारों अवसर मिलते हैं ।कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कंप्यूटर भाषाओं के प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर प्राचार्य डॉ राकेश आर्य, मनोज कुमार शर्मा, लोकेश कुमार,विनोद गुप्ता ,अतुल शर्मा, निशा, निगम, परीक्षित कुमार, प्रियंका, रितिक कुमार, सृष्टि, वर्षा, तिलक राम, नीलू सैनी, मोनिका, शीतल, दीपक, काजल ,अक्षय ,अजीत कुमार, आकाश आदि सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे ।

### उत्पीड़न के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

**लोक तंत्र की शान : बाँदा।** फर्रुखाबाद के प्रदेश युवा उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव को चौकी इंचार्ज लक्ष्मण द्वारा स्थानीय व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान करने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर धन उगाही किए जाने जैसी उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के विरोध में जिला युवा उद्योग व्यापार मंडल ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। दोषी चौकी इंचार्ज के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की। युवा उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष प्रेम गुप्ता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को नामित नगर मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि संगठन के प्रांतीय युवा उपाध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव जनपद फर्रुखाबाद पर चौकी बजरिया इंचार्ज द्वारा फर्जी मुकदमा व उत्पीड़न की कार्रवाई जिस तरह से की गई है उसकी संगठन निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चौकी इंचार्ज के विरूद्ध दिए गए शिकायती पत्र पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि व्यापारी नेता अंकुर श्रीवास्तव समेत 15 व्यापारियों को नामजद करते हुए जिसमें सात अज्ञात व्यापारी शामिल हैं फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की है कि घटना को संज्ञान में लेते हुए व्यापारियों के विरूद्ध दर्ज फर्जी मामले वापस लिए जाए और दोषी पुलिस अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाए।


# बच्चों के झगड़े के बाद हुआ खूनी संघर्ष, फायरिंग, 5 घायल

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुरः** मंगलवार को तड़के अमरोहा के हसनपुर स्थित चामुंडा रोड पर बच्चों में हुए झगड़े के बाद खूनी संघर्ष हो गया एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अवैध हथियार से फायरिंग कर दी जिसमें चार लोग घायल हो गए तथा एक अन्य मारपीट में घायल हो गया,मौके पर पहुंची पुलिस में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बताते चलें कि नगर के मोहल्ला चामुंडा रोड निवासी इब्ने अली का आरोप है कि वह फजर की नमाज पढ़कर अपने बेटे के साथ घर को वापस आ रहा था। इसी बीच मोहल्ले के ही रहने वाले रिहान, फैजान, साहिल पुत्रगण तौफीक ने उसको घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। जैसे ही लोगों की भीड़ मौके पर पहुंची तभी फैजान और साहिल ने गोली चला दी। जिसमें इब्ने अली, उसकी पुत्री इकरा हसन,ममेरी बहन नईमा, पत्नी सलमा, फायरिंग में छर्रे लगने से घायल हो गए। वही एक अन्य व्यक्ति मारपीट में घायल हो गया जहां आनन फानन घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर इब्ने अली की पुत्री इकरा हसन की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जबकि इब्ने अली का आरोप है कि रिहान, फैजान, साहिल एवं उनके पिता तौफीक ने मिलकर घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। मौके पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर अमरपाल सिंह ने मामले की जांच पड़ताल की। वहीं उन्होंने मामले की जांच एवं साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वही इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि बच्चों के झगड़े के बाद घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा गिरफ्तारी के प्रयास जारी है ।

## फैक्ट्री में घुसकर मजदूर पर हमला करने वाले चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, तलाश जारी



लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

**हसनपुरः** मंगलवार को पुलिस ने मजदूर पर फैक्ट्री में घुसकर हमला करने वाले चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया बता ते चलें कि अमरोहा अतराशी मार्ग पर स्थित गुरु कृपा इंडस्ट्रीज में चार युवकों ने घुसकर एक मजदूर की जमकर पिटाई की यह पूरी घटना फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, पीड़ित मजदूर ग्राम देरी गुर्जर निवासी पुष्पेंद्र है, बता दे कि सोमवार को शाम को पुष्पेंद्र फैक्ट्री में काम कर रहा था तभी चार युवक अचानक अंदर घुस आए और उसकी पिटाई शुरू कर दी सीसीटीवी फुटेज में युवकों को फैक्ट्री के भीतर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है पीड़ित पुष्पेंद्र ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस को नाम जद तहरीर दी है, पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया, कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तहरीर के आधार पर राजेश, गौरव निवासी डगरपुरी, बिरजू निवासी करनपुर माफी और हिमांशु पुत्र पप्पू निवासी रहरा रोड के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है वहीं आरोपियों की तलाश को दविस दी जा रही है ।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर यात्रा का दूसरा दिन

» सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिले सीएम योगी
» एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के लिए निवेश का दिया आमंत्रण

लोक तंत्र की शान



**सिंगापुर/लखनऊः** अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री गान किम योंग तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री के. शनमुगम से मुलाकात की। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी में हुई इन चर्चाओं का केंद्र उत्तर प्रदेश में शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सिंगापुर की विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रहा।

**औद्योगिक निवेश पर हुई चर्चा**–गान किम योंग के साथ बातचीत में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के 'प्रो-बिजनेस' वातावरण पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के विशाल लैंड बैंक और शीघ्र ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर से मिलने वाली कनेक्टिविटी को रेखांकित किया। बैठक में दिल्ली एनसीआर में सिंगापुर की कंपनियों द्वारा औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई, जिसमें सेमीकंडक्टर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन मॉड्यूल पर विशेष फोकस रहा।

## भाजपा में घुटन बताकर सतीश गहलौत ने थामा सपा का दामनः लखनऊ में 25 नेताओं का सामूहिक प्रवेश

लोक तंत्र की शान, (खिजर अहमद)



**नजीबाबाद** : नजीबाबाद मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा के नेतृत्व में बिजनौर के पूर्व लोकदल (रालोद) जिला अध्यक्ष राहुल चौधरी के साथ जिले के करीब 25 प्रमुख नेताओं ने लखनऊ पहुंचकर भाजपा और अन्य दलों को छोड़ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसमें नजीबाबाद के मौहल्ला दीवान परमानंद निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तथा जिला केमिस्ट एसोसिएशन बिजनौर के जिला महासचिव ठाकुर सतीश गहलौत भी शामिल हुए। उन्होंने भी भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी जॉइन कर ली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में सभी को सदस्यता दिलाई। इस मौके पर सतीश गहलौत ने कहा कि वे लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में पार्टी में घुटन महसूस हो रही थी। उन्होंने आगे कहा, "भाजपा ने समाज को दो वर्गों में इस तरह बांट दिया है कि अब जनता सब कुछ अच्छी तरह समझ चुकी है। आने वाला समय समाजवादी पार्टी का होगा और 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।" सतीश गहलौत ने यह भी जोड़ा कि समाजवादी पार्टी डॉ. राम मनोहर लोहिया के महान विचारों पर आधारित है, जो एक बड़े समाजसेवी थे। पार्टी इसी मिशन पर चल रही है, इसलिए अब विभिन्न दलों के कई नेता और कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।यह घटना बिजनौर जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां सांसद रुचि वीरा की सक्रियता से सपा को मजबूती मिल रही है।

# भारतीय किसान संघ ने बिजनौर में किसानों पर दर्ज हुए मुकदमे वापस लेने को कलेक्ट्रेट पर सौंपा ज्ञापन

लोक तंत्र की शान प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**अमरोहा** : मंगलवार को भारतीय किसान संघ प्रान्त मेरठ के आह्वान पर जनपद अमरोहा के जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट में एकत्रित हुए, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलाधिकारी महोदया के माध्यम से मुख्यमंत्री लखनऊ व सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया, ज्ञापन में मांग की गई कि जनपद बिजनौर में हेमराज कालौनी के निवासीगण व भारतीय किसान संघ हाईवे पर अण्डरपास बनाने को लेकर पिछले 09 माह से शान्तिपूर्ण तरीके से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन बिजनौर पुलिस व प्रशासन ने किसानों की मांग पूर्ण हुए बिना ही धरना स्थल पर से अमर्यादित तरीके से टेंट आदि हटा दिया गया व किसानों पर गलत तरीके से फर्जी मुकदमें दर्ज किये गये हैं, किसानों का शोषण बिजनौर पुलिस व प्रशासन की मनमानी है, पुलिस की मनमानी को रोकने व हाईवे पर अण्डरपास बनाने की किसानों की मांग को लेकर ज्ञापन के माध्यम से दोषी प्रशासन के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है, मेरठ प्रान्त के आह्वान पर सभी चौदह जिलों में भारतीय किसान संघ के द्वारा ज्ञापन दिया गया है , ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शर्मा, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महीपाल सिंह चौहान, जिला जैविक प्रमुख हरिप्रकाश राणा, जिला उपाध्यक्ष शिवचरन सैनी, आलोक कुमार, धर्मपाल सिंह चौहान जिला कोषाध्यक्ष, ओमवीरसिंह हसनपुर खण्ड अध्यक्ष, उषा चौधरी, रमेशचन्द प्रचार प्रमुख , राधेश्याम राणा, बोबी कुमार आदि उपस्थित रहे।

## उपमुख्यमंत्री व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने वैश्विक रक्षा कंपनियों से किया संवाद

**जर्मनी में यूपी की दमदार दस्तक में रक्षा संबंधी निवेश को मिला समर्थन**

लोक तंत्र की शान

**जर्मनी/लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी मार्गदर्शन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में जर्मनी पहुंचा प्रतिनिधिमंडल वहां के उद्यमियों से संवाद स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में पहुंचे प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जर्मन-इजराइल की अग्रणी कंपनी क्वाटंम सिस्टम जीएमबीएच के साथ बैठक की। यह कंपनी मानवरहित और ड्रोन आधारित प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञ है। यह कंपनी भारत में पिछले एक दशक से अधिक समय से उन्नत हवाई निगरानी तथा 160 किमी तक की परिचालन



क्षमता वाले मानवरहित प्लेटफॉर्म में विशेषज्ञ है। इस कंपनी की टेक्नोलॉजी जर्मनी और स्पेन की सशस्त्र सेनाओं की सेवा में भी है।

# सैट्स के सीईओ ने योगी सरकार की कार्यप्रणाली को खुलकर सराहा

» कहा, विदेशी निवेश के लिए प्रतिबद्ध हैं सीएम योगी आदित्यनाथ

लोक तंत्र की शान



**सिंगापुर/लखनऊ।** इन्वेस्ट यूपी मेगा रोड शो में सिंगापुर की एयरपोर्ट ग्राउंड हैंडलिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सैट्स के सीईओ (एशिया-पैसिफिक) बॉब ची ने कहा कि सीएम योगी का सैट्स के कार्गो हब का दौरा करना उनकी विदेशी निवेश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जाहिर करता है। हम उत्तर प्रदेश की विकास संभावनाओं को लेकर अत्यंत आशावादी हैं। यूपी की प्रगति का आधार उसका तेजी से विस्तार करता कृषि, औद्योगिक और सेवा क्षेत्र है। बीते एक दशक में उत्तर प्रदेश का एयर कार्गो वॉल्यूम लगभग पांच गुना बढ़ा है, जो लगातार दो अंकों की सालाना वृद्धि दर को दर्शाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि उत्तर प्रदेश भारत की आर्थिक शक्ति का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। बॉब ने कहा कि हमने देखा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली अत्यंत प्रगतिशील है। यह तत्परता से कार्रवाई करती है, जो उद्यमिता के लिए अनिवार्य शर्त है। यह समाधान-उन्मुख है और प्रो-एक्टिव दृष्टिकोण अपनाती है। राज्य सरकार विशेष रूप से नई तकनीकों, डिजिटलीकरण से जुड़े निवेशों तथा स्थानीय आबादी के लिए उच्च-कौशल वाले रोजगार अवसरों के सृजन को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। हमने यूपी सरकार की सशक्त एवं उद्योगों के अनुकूल नीतियों का प्रत्यक्ष अनुभव किया है। सरकार द्वारा हमें जो सहयोग और सकारात्मक समर्थन मिला है, उसके लिए हम आभारी हैं। यूपी में वैसा ही माहौल है, जिसे वैश्विक कंपनियां महत्व देती हैं और यही कार्यप्रणाली उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करती है।

# वार्ड 27 दीपा सराय गैरतपुरा में वर्षों पुरानी सड़क समस्या का समाधान, अध्यक्ष आशिया मुशीर की सक्रियता रंग लाई

लोक तंत्र की शान, सैय्यद कुमैल ज़ैदी



**संभल।** शहर के वार्ड नंबर 27, दीपा सराय गैरतपुरा में लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क का निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। सड़क निर्माण शुरू होते ही स्थानीय निवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों ने इसे नगर पालिका परिषद संभल की अध्यक्ष आशिया मुशीर की सक्रियता और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम बताया है। बताया जा रहा है कि यह सड़क कई वर्षों से खराब स्थिति में थी, जिससे आमजन, स्कूली बच्चों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते थे। नागरिकों की लगातार मांग और शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष आशिया मुशीर ने तत्काल संज्ञान लिया और संबंधित विभाग को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। सड़क निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द बेहतर और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर में विकास कार्यों की गति पहले से अधिक तेज हुई है और हर वार्ड में समान रूप से कार्य कराए जा रहे हैं। अध्यक्ष आशिया मुशीर ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड का संतुलित विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जहां-जहां भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है, वहां शीघ्र समाधान कराया जाएगा। क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने नगर पालिका परिषद संभल और अध्यक्ष आशिया मुशीर का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि इसी प्रकार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## खाली हाथ राजस्थान से लौटी पटना पुलिस

**पटना।** पटना सिविल कोर्ट को लगातार बम से उड़ने की धमकी देने के मामले में पीरबहोर थाने की पुलिस चेन्नई, राजस्थान के जैसलमेर और उसके पास के सटे जिलों में छापेमारी कर के लौट आई है। धमकी देने वाले का कोई ट्रेस नहीं मिल पाया है। यहां तक कि किस एप या दूसरे अन्य प्लेटफार्म के जरिए धमकी दी गई थी, इसके बारे में भी पता नहीं लग पाया है। धमकी मिलने के बाद पीरबहोर और एटीएस में कैसे रजिस्टर्ड हुआ था। इसके बाद पटना पुलिस की ओर से एक टीम गठित की गई थी। जिसमें SI रैंक के दो पदाधिकारी थाने से दूसरे राज्यों में धमकी देने वाले के बारे में पता लगाने गए थे। पटना सिविल कोर्ट को लगातार बम से उड़ने की धमकी मिलने के बाद अब पुलिस रोज सुबह के वक्त कोर्ट में सर्च कर रही है। सुबह 7:00 से लेकर कोर्ट खुलने से पहले तक पूरे परिसर को सेनीटाइज कर दिया जा रहा है। यह कदम एहतियातन बराबर मिल रही धमकी के बाद उठाया गया है। टीम चेन्नई और जयपुर जा चुकी है। 2 दिन चेन्नई और 3 दिन जयपुर में पुलिस ने सस्पेक्टेड की खाक छानी। लेकिन कंक्लुजन नहीं निकल पाया। यहां 3 से 4 सस्पेक्ट से पूछताछ भी की गई। जिन लोगों से पूछताछ हुई, वह वैसे थे, जो संबंधित आईपी एड्रेस की लोकेशन में आए थे। लेकिन सत्यापन के दौरान थ्रेट से संबंधित एविडेंस नहीं मिले।

## क्या अक्षय कुमार के साथ काम करेंगी अक्षरा सिंह, एक्टर के साथ तस्वीर शेयर की, लिखा- बड़ा सरप्राइज मिलेगा

**पटना।** भोजपुरी एक्ट्रेस और सिंगर अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। वो अपने गानों और तस्वीरों के लेकर अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं। अक्षरा एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार वजह काफी खास है। अक्षरा सिंह ने बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार के साथ एक फोटो साझा की है। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है। कैप्शन को पढ़कर फैन्स यह कयास लगाने में जुटे हैं कि अक्षरा सिंह और अक्षय कुमार की कोई नहीं फिल्म आने वाले है। अक्षरा सिंह इस तस्वीर में ब्लू कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। जबकि, अक्षय कुमार ग्रीन शर्ट में हैं और कैप लगा रखी है। एक्ट्रेस ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा, 'जब खिलाड़ी की मुलाकात मृगनयनी से हो और, कहानी अभी बाकी है। बड़ा सरप्राइज लोड हो रहा है।' इस पोस्ट में अक्षरा ने अक्षय कुमार को भी टैग किया है। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स लगातार कमेंट कर रहे हैं। कुछ यूजर्स कयास लगा रहे हैं कि शायद दोनों किसी फिल्म में काम करने वाले हैं। जबकि कुछ यूजर्स ने कहना है कि किसी नए गाने में इनकी जोड़ी देखने को मिले सकती है? अन्य यूजर ने लिखा है, 'कुछ तो पक रहा है'। दूसरे यूजर्स ने लिका कि- अक्षय कुमार फिट आदमी हैं। एक यूजर ने लिखा- तुम बॉलीवुड जाओ।

## महावीर मंदिर प्रांगण में हिंदू सम्मेलन संपन्न, पटना में राष्ट्र की मजबूती के लिए 'पंच परिवर्तन' पर हुआ मंथन

**पटना।** पटना के महावीर मंदिर के ऐतिहासिक प्रांगण में आयोजित हिंदू सम्मेलन अत्यंत गौरवमयी और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में राष्ट्र की मजबूती के लिए 'पंच परिवर्तन' के विचार को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्यों के पालन और स्वदेशी अपनाने को समय की आवश्यकता बताया। विचार-मंथन के दौरान प्रबुद्ध वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक समरसता के माध्यम से ही समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त किया जा सकता है।




पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए प्रकृति के प्रति संवेदनशील जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। कुटुंब प्रबोधन के जरिए परिवार संस्था को संस्कारवान और सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया गया, ताकि आने वाली पीढ़ी नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हो। साथ ही नागरिक कर्तव्यों के प्रति सजगता लाकर अनुशासित और सशक्त राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया। आर्थिक स्वावलंबन के लिए स्वदेशी को जीवन का आधार बनाने की अपील भी की गई। सम्मेलन में स्वामी सीताराम सरन की पावन उपस्थिति रही। उन्होंने अपने आशीर्वचनों में समाज को संगठित और संस्कारित बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ अधिकारी अनिल ठाकुर ने सांगठनिक दृष्टिकोण साझा किया। वहीं मंदिर के सचिव सायन कुणाल ने मंदिर की सामाजिक सक्रियता और सेवा कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में नवल गुप्ता सहित समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने 'पंच परिवर्तन' के संकल्प को अपने जीवन में उतारने का सामूहिक प्रण लिया।

## धनबाद-भोपाल और चोपन-भोपाल के लिए 2 नई ट्रेनें, सप्ताह में 3 और 1 दिन होगा परिचालन

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर धनबाद और भोपाल तथा चोपन और भोपाल के बीच दो नई ट्रेन सेवाओं का परिचालन शुरू किया जा रहा है। इनमें से एक ट्रेन धनबाद और भोपाल के बीच सप्ताह में तीन दिन चलेगी, जबकि दूसरी ट्रेन चोपन और भोपाल के बीच साप्ताहिक रूप से संचालित होगी। इन दोनों नई ट्रेनों में कुल 22 एलएचबी कोच होंगे, जिनमें 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी और 04 साधारण श्रेणी के कोच शामिल हैं। धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस बोकारो थर्मल, रांची रोड, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा, चोपन और सिंगरौली के रास्ते चलेगी। गाड़ी संख्या 11631/11632 भोपाल-धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस (सप्ताह में तीन दिन) का नियमित परिचालन भोपाल से 27 फरवरी 2026 से प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार और गुरुवार को शुरू होगा। वहीं, धनबाद से यह ट्रेन 01 मार्च 2026 से प्रत्येक रविवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी। गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस भोपाल से रात 08:55 बजे रवाना होगी और बीना, दमोह, कटनी मुरवाड़ा के रास्ते अगले दिन सुबह 08:45 बजे सिंगरौली, 10:20 बजे चोपन, 11:20 बजे रेणुकूट, 12:35 बजे गढ़वा, 01:20 बजे डालटनगंज, 02:52 बजे टोरी, 05:05 बजे रांची रोड सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए रात 08:20 बजे धनबाद पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस धनबाद से सुबह 07:20 बजे चलकर सुबह 09:45 बजे रांची रोड, 11:20 बजे टोरी, 12:46 बजे डालटनगंज, 01:35 बजे गढ़वा, 03:08 बजे रेणुकूट, 04:05 बजे चोपन, 06:50 बजे सिंगरौली सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए अगले दिन सुबह 07:00 बजे भोपाल पहुंचेगी।

## 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध, प्रदर्शनकारियों ने पोस्टर जलाए, रिलीज पर रोक लगाने की मांग

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर के गांधी चौक पर सोमवार की देर शाम हिन्दू समाज के सैकड़ों लोगों ने आगामी फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के खिलाब जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के पोस्टर को जलाते हुए नारेबाजी की ओर फिल्म के निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस फिल्म के 27 फरवरी को रिलीज होने की संभावना है, जिसे लेकर समाज के लोगों में भारी रोष है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि फिल्म के निर्माता संदीप ने जानबूझकर यह फिल्म यादव समाज की अस्मिता पर सीधा हमला करने के लिए बनाई है। इस मौके पर खिलवत पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव कुमार सिंह ने कहा, "यह फिल्म हमारी सामाजिक छवि को धूमिल करने वाली है। हम सवाल उठाते हैं कि सेंसर बोर्ड ने आखिर कैसे इस फिल्म को मंजूरी दे दी।" उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यह फिल्म रिलीज हुई, तो इसका विरोध पूरे देश में उग्र रूप ले लेगा और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को अंजाम भुगतना पड़ेगा। वहीं जिला परिषद प्रतिनिधि राजा यादव ने कहा कि इस तरह की फिल्में समाज को बिगाड़ने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, "आज यादव जी पर लव स्टोरी बनाई जा रही है, तो कल किसी अन्य जाति पर भी ऐसी फिल्म बन सकती है। यह एक खतरनाक परंपरा है।" उन्होंने केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप कर इस फिल्म को रिलीज होने से रोकने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान राजा यादव ने बिहार के सभी सिनेमाघर मालिकों से अपील की कि वे इस फिल्म को अपने सिनेमाघरों में न लगाएं। उन्होंने कहा, "अगर फिल्म नहीं रोकी गई तो हम लोग जल्द ही मशाल जुलूस निकालकर और मुख्यालय पर धरना देकर इसका जमकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। हमारा सीधा सवाल फिल्म के निर्माता संदीप से है कि वे इस फिल्म को जल्द से जल्द रोकें।"

# पटना में लाइब्रेरियन कैंडिडेट्स का प्रदर्शन, सड़क पर लेटे

एजेंसी, पटना

बिहार में लाइब्रेरियन बहाली की प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर कैंडिडेट्स सड़क पर उतर गए हैं। ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन एसोसिएशन की ओर से पटना में आक्रोश मार्च निकाला है। मार्च की शुरुआत पटना विश्वविद्यालय की सेंट्रल लाइब्रेरी से हुई है, जो करगिल चौक तक पहुंच गया है। यहां कैंडिडेट्स विरोध जताते हुए पहले सड़क पर बैठे, फिर तकिया लगाकर वही लेट गए। अभ्यर्थी शंखनाद कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री हाय-हाय के नारे लगा रहे हैं। इधर, शांति व्यवस्था के लिए करगिल चौक पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। फोर्स के साथ वाटर कैनन भी बुला लिया गया है।

**एग्जाम डेट नहीं निकला तो आंदोलन तेज होगा:** एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने बहाली की नियमावली तो जारी कर दी, लेकिन अब तक लाइब्रेरी पात्रता परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है। पटना जिला अध्यक्ष हर्षित राज ने बताया कि यह मार्च सरकार तक अभ्यर्थियों की मांग पहुंचाने का प्रयास है। यदि जल्द परीक्षा तिथि घोषित नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



◆ करगिल चौक पर बैरिकेडिंग, वाटर कैनन के साथ फोर्स तैनात, 10 हजार पद खाली

**10 हजार से अधिक पद खाली:** बिहार में लाइब्रेरियन के करीब 10 हजार पद खाली हैं। इनमें प्लस टू स्कूलों से लेकर कॉलेज और विश्वविद्यालयों तक के पद शामिल हैं। पद खाली रहने के कारण लाइब्रेरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई जगहों पर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ही कार्य संभाल रहे हैं।

## छात्रसंघ चुनाव: एबीवीपी अध्यक्ष पद की उम्मीदवार पहुंची साइबर सेल

एजेंसी, पटना

पटना यूनिवर्सिटी छात्र संघ चुनाव में ABVP से अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनुष्का ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि मैंने आज साइबर थाने में आकर शिकायत दर्ज की है, क्योंकि मेरे फेसबुक, इंस्टाग्राम और तमाम सोशल मीडिया पर अश्लील और गंदे फोटो वीडियो भेजे जा रहे हैं। मेरे हौसले को तोड़ने का काम किया जा रहा है। कुछ विशेष धर्म के लोग यह काम कर रहे हैं। मुझे प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इस पर कार्रवाई होगी और जो ऐसा काम कर रहे हैं, उस पर स्ट्रिक्ट एक्शन लिया जाएगा। मेरे साथ गलत करने और गोली मरवाने की भी धमकी दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे छात्र संगठन के लोग भी मुझे टारगेट करके ऐसा मैसेज भेज रहे हैं, क्योंकि मैं एक लड़की होकर छात्र संघ चुनाव में खड़ी हुई हूं। ऐसे फोटो वीडियो भेजकर मेरे हौसले को तोड़कर दबाने का कोशिश किया जा रहा है। इन सारी चीजों से मैं डरने वाली नहीं हूं। यह समस्या सिर्फ मेरे साथ ही नहीं है, बल्कि पटना यूनिवर्सिटी के कई छात्राओं ने मुझसे यह शिकायत की है। वो समाज की प्रतिष्ठा और घर के मर्यादा को देखते हुए कोई शिकायत नहीं करती हैं।



❑ अनुष्का बोलीं- मुझे गोली मारने की धमकी दी जा रही, अश्लील और गंदे फोटो-वीडियो भेजे जा रहे

कल उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वो रोते हुए दिख रही थी। उन्होंने बताया कि उनके चरित्र को लेकर बातें बनाई जा रही है। कैरेक्टर को लेकर टैग किया जा रहा है। लोग उनके चरित्र पर उंगली उठा रहे हैं। प्रतिद्वंदी पोस्टर फाड़ रहे हैं। अनुष्का ने पिता के बिना घर संभाला, पढ़ाई पूरी की, पत्रकारिता का सपना जिया और आज पटना यूनिवर्सिटी में अध्यक्ष पद के लिए खड़ी है।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का बिहार दौरा

एजेंसी, पटना

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आज एक दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। वे दिल्ली से सीधे दरभंगा पहुंचें, वहां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की मां के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुई हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। दरभंगा कार्यक्रम के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सीधे पटना पहुंचेंगे। यहां वे भाजपा नेताओं के साथ बैठक करेंगे।

बैठक में बिहार में चल रही केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा, संगठनात्मक मजबूती, सदस्यता विस्तार और आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक पटना प्रवास के दौरान नितिन नवीन कुछ व्यक्तिगत कार्यक्रमों में भी शामिल हो सकते हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अलग से संवाद करेंगे।

**सीएम नीतीश भी जाएंगे दरभंगा:** संजय सरावगी की माता के निधन के बाद भाजपा में शोक का माहौल है। इसी क्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रहेगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, मंत्री दिलीप जायसवाल सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।



❑ दरभंगा में श्रद्धांजलि सभा के बाद पटना में करेंगे बैठक, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद

## सिक्योरिटी कम करने पर बोले पप्पू यादव, एक जाति विशेष के लिए इतनी नफरत क्यों?

एजेंसी, पटना

पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने अपनी सुरक्षा में कमी करने पर बिहार सरकार और गृह मंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर तंज कसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेरी गिरफ्तारी और सुरक्षा में कटौती अहंकार और बदले की भावना का परिणाम है। जब पहली बार लॉरेंस से जुड़े खतरे की चर्चा सामने आई थी, तब सरकार ने सुरक्षा बढ़ाई थी और y प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई थी। कुछ दिनों बाद बिना स्पष्ट कारण बताए सुरक्षा घटा दी गई। आखिर किस आधार पर मेरी सुरक्षा कम की गई? लिखित आदेश क्यों नहीं दिया गया? कई बार डीजीपी को फोन करने के बावजूद कॉल नहीं उठाया गया। एक सांसद का फोन तक नहीं उठाया गया, यह अपमान है। इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। सांसद ने सम्राट चौधरी से अपील करते हुए कहा कि वे जाति विशेष के प्रति नफरत और बदले की भावना से ऊपर उठें। राजनीति अटल और नेहरू जी जैसी होनी चाहिए, जहां मतभेद हो सकते हैं लेकिन मनभेद नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे बिहार में सरकार के निशाने पर सिर्फ पप्पू यादव हैं। विपक्ष भी समझौता कर चुका है, लेकिन मैं नहीं करूंगा।



**विधानसभा में अमर्यादित भाषा:** सांसद ने आरोप लगाया कि विधानसभा में मेरे बारे में भ्रामक और अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल किया गया। नेताओं से मर्यादा की उम्मीद होती है, लेकिन यहां अमर्यादा दिखाई दे रही है। बंदर के हाथ में नारियल वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरी गिरफ्तारी भी सरकार के अहंकार का परिणाम था। आपने दिखा दिया कि आप ताकतवर हैं, लेकिन लोकतंत्र में ताकत जनता की होती है।

**नीट, मानव तस्करी और अपराध पर सवाल:** पप्पू यादव ने नीट प्रकरण और राज्य में कथित रूप से बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाया। उन्होंने दावा किया कि भागलपुर से सासाराम तक मानव तस्करी और बच्चियों के साथ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। चार साल, छह साल, ढाई साल की बच्चियों के साथ बलात्कार हो रहा है। हर दिन एक दर्जन बच्चियों के साथ दुष्कर्म हो रहा है। नालायक सरकार, इससे कुछ नहीं होगा। यह मेरी सुरक्षा वापस ले सकते, मुझे डरा सकते किसी को न्याय नहीं दिल सकते है। अगर नेताओं के घर में किसी बहन बेटी के साथ बलात्कार होगा तब क्या होगा। बिहार बहुत गंदी राजनीति करने की जगह, यहां राजनीति बहुत गंदी है। नीट मामले में डॉक्टर सतीश की गिरफ्तारी होनी चाहिए।

**स्वामी मुक्तेश्वरानंद के समर्थन में उतरे पप्पू:** पप्पू यादव ने भाजपा और कुछ धार्मिक संतों को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा, भाजपा की बात क्या कहूं, राम रहीम उनके लिए संत हैं, वे राजनीतिक सत्ता के अनुसार उनका उपयोग करते हैं। आशाराम बापू जैसे मामलों में भी राजनीति दिखाई देती है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूजीसी जैसे मुद्दों पर बाबाओं के बीच बंटवारा हो गया। किसी ने कहा मैं जान दे दूंगा, किसी ने कहा मैं मर जाऊंगा। यह कैसी धार्मिक एकजुटता है? पप्पू यादव ने आगे कहा कि कई ऐसे बाबा हैं जिन्हें सत्ता का संरक्षण है और उनकी पकड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह तक बताई जाती है।

## अमित शाह का बिहार में 3 दिवसीय दौरा

एजेंसी, पटना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी से तीन दिवसीय बिहार दौरे पर रहेंगे। 25, 26 और 27 फरवरी तक चलने वाले इस दौरे में उनका मुख्य फोकस राज्य के सीमावर्ती जिलों किशनगंज और अररिया पर रहेगा।

बिहार सरकार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्री कई अहम बैठकों और कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। वहीं, सदन के बाहर विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि गृह मंत्री देश की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। वो बिहार आ रहे हैं, उनके टॉप प्रायोरिटी में बिहार है। यहां आते हैं, घुसपैठियों पर बात होती है, एक्शन प्लान बनता है, कई मुद्दों पर बातचीत होती है। सरकारी कर्मचारियों को पूरी तरह से सक्रिय किया जाता है।

**स्थानीय प्रशासन और केंद्रीय एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल:** किशनगंज और अररिया, दोनों जिले अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं। ऐसे में गृह मंत्री का यह दौरा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



**'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम की जमीनी समीक्षा:** गृह मंत्री सीमावर्ती गांवों में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की प्रगति का भी जायजा लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों और बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

◆ विधायक बोले- गृह मंत्री की टॉप प्रायोरिटी है बिहार, सीमावर्ती सुरक्षा पर करेंगे हाई-लेवल समीक्षा

**स्थानीय लोगों के रोजगार और जीवन स्तर में सुधार:** सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री कुछ चयनित गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से सीधे संवाद भी कर सकते हैं, ताकि योजना के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। गृह मंत्री का यह तीन दिवसीय बिहार दौरा सुरक्षा, विकास और सीमावर्ती क्षेत्रों के सशक्तिकरण के लिहाज से निर्णायक साबित हो सकता है। सीमावर्ती जिलों पर केंद्रित यह दौरा केवल सुरक्षा समीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विकास और जनसंपर्क के दृष्टिकोण से भी अहम है।

## पटना में 17 जगहों पर लगेंगे नए ट्रैफिक सिग्नल, कैमरे और सेंसर से होंगे लैस

एजेंसी, पटना

पटना में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए शहर में 17 नए स्थानों पर ऑटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। ये सभी नए सिग्नल मॉडर्न कैमरों और सेंसर से लैस होंगे। अब शहर में ट्रैफिक सिग्नलों की संख्या 28 से बढ़कर 45 हो जाएगी। हाल ही में पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी थी। इसके बाद स्मार्ट सिटी ने शहर के 25 चौराहों का सर्वे कराया, जिनमें से 17 जगहों को सिग्नल के लिए सही पाया गया, जबकि 8 जगहों पर तकनीकी दिक्कतों के कारण सिग्नल नहीं लग सकेंगे।

**इन 17 जगहों पर लगेंगे नए सिग्नल:** ये सभी नए सिग्नल इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जुड़ेंगे, जिससे ट्रैफिक की रियल-टाइम मॉनिटरिंग संभव होगा। सर्वे के अनुसार मीठापुर न्यू बाइपास, मलाही पकड़ी पुल के नीचे, करबिगहिया पेट्रोल पंप, मुन्ना चौक, डीपीएस मोड़, गोला रोड, रूपसपुर पुल (दोनों ओर), आरा गार्डन मोड़, अंबेडकर पथ, त्रिभुवन मोड़, आयुक्त कार्यालय मोड़, स्वामी नंदन तिराहा, गौरिया टोली, जीपीओ पुल के नीचे, डंका इमली गोलंबर, एनआइटी मोड़ और आर ब्लॉक के नीचे सिग्नल लगाए जाएंगे।



**आरपीएस मोड़ पर मेट्रो के काम के कारण नहीं लगेगा सिग्नल:** वहीं, इस सर्वे में 8 स्थानों को रिजेक्ट कर दिया गया है। आरपीएस मोड़ पर मेट्रो का काम चलने के कारण अभी सिग्नल नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा जीपीओ के ऊपर पुल होने और चिल्ड्रेन पार्क के पास तकनीकी दिक्कत के कारण सिग्नल नहीं लगेंगे। वहीं, अगमकुआं आरओबी, पूरब दरवाजा, चौक थाना, विसंभरपुर और बिहटा चौक में सड़कें संकरी होने या निर्माण कार्य चलने की वजह से इन्हें अनपुयुक्त पाया गया है।

## पटना वीमेंस कॉलेज में 1089 छात्राओं को मिली डिग्रियां

एजेंसी, पटना

पटना वीमेंस कॉलेज में आज दीक्षांत समारोह हुआ। समारोह में 35 छात्राओं को गोल्ड मेडल मिला। 2025 में पास होने वालीं स्नातक, बीएड और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों की छात्राओं को डिग्रियां दी गई, जिसमें 1089 छात्राएं शामिल हैं। कॉलेज के वेरोनिका ऑडिटोरियम में कार्यक्रम शुरू हुआ। सभी छात्राओं ने बिहार की संस्कृति को दिखाते हुए मिथिला पाग पहना था। सुरक्षा और अनुशासन के मद्देनजर ऑडिटोरियम के अंदर मोबाइल, खाने-पीने की वस्तुएं और पानी की बोतल ले जाना पूरी तरह मना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर महात्मा गांधी सेंट्रल यूनिवर्सिटी मोतिहारी के प्रो. संजय श्रीवास्तव, पीयू की वीसी प्रो नमिता सिंह, रजिस्ट्रार प्रो शालिनी शामिल थी।




**दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड किया गया था लागू:** इस दीक्षांत समारोह के लिए ड्रेस कोड भी लागू किए गए हैं। छात्राओं को लाल या सुनहरी बॉर्डर वाली सफेद या ऑफ-व्हाइट साड़ी/सलवार सूट पहनकर आना था। इस दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली सभी छात्राओं को अपनी भुगतान रसीद साथ लाना अनिवार्य था। समारोह वाले दिन ही सुबह 9 से 10 बजे के बीच अंगवस्त्र का वितरण ऑडिटोरियम के बाहर बने काउंटरों से किया गया। हर एक छात्रा के साथ केवल एक अभिभावक को शामिल होने की अनुमति दी गई थी, जिन्हें सुबह 10:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करना था।

## बनारस की तर्ज पर बिहार में साफ होगी गंगा, दीघा से लेकर पटना सिटी तक के नाले एसटीपी से जुड़ेंगे

एजेंसी, पटना

बिहार में गंगा बनारस की तर्ज पर साफ होगी। इसके लिए बिहार में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) की संख्या बढ़ाई जा रही है। राज्य के विभिन्न नालों से निकलने वाला गंदा पानी अब बिना ट्रीटमेंट गंगा में नहीं गिरेगा। पहले बिहार में कुल STP की संख्या 39 थी, जो अब बढ़कर 44 हो गई है। समस्तीपुर, जमालपुर, खगड़िया और बरौनी में नया STP लगाया जाएगा। इसके साथ ही पटना में बिहार का सबसे बड़ा STP लगेगा। हाल ही में दिल्ली में नमामी गंगे की बैठक हुई, जिसके बाद नगर विकास एवं आवास विभाग ने बुडको को इसपर काम करने का आदेश दिया है।

**दीघा से लेकर पटना सिटी तक के नाले STP से जुड़ेंगे:** पटना में गंगा पथ के पास 400 एमएलडी क्षमता का नया एसटीपी बनेगा। यह दीघा से लेकर पटना सिटी तक के नालों को जोड़ेगा। नालों के पानी के लिए अलग चैनल बनाया जाएगा। बुडको प्रशासन के मुताबिक पटना में सर्वे का काम किया जा रहा है। अब सिर्फ एक एसटीपी 400 एमएलडी की बनेगी या दो एसटीपी 200 एमएलडी की बनेगी, ये डिजाइनिंग के समय फाइनल किया जाएगा। फ़िलहाल 39 STP में से 21 STP पूरा हो चुका है। 13 STP क्रियान्वित है, जिसमें से 6 इस साल कंप्लीट होगा और 7 अगले साल पूरा किया जाएगा। वहीं, 5 टेंडर फेज में है।

बिना ट्रीटमेंट गंदा पानी नदी में नहीं गिरेगा



**सभी बड़े नालों की टैपिंग होगी:** पटना में बनने वाले नए STP से दीघा, कुर्जी, राजापुर, मंदिरी, अंटा घाट और मित्तन घाट के नालें जुड़ेंगे। प्रमुख नालों का आंकलन किया गया है। अब डीपीआर तैयार होगी। सभी बड़े नालों की टैपिंग होगी।

नालों का पानी इंटरसेप्शन एंड डाइवर्जन से एसटीपी तक लाया जाएगा। जहां पहले से सीवर लाइन का काम चल रहा है, वह पूरा होगा। लेकिन अब नए सिरे से सड़कों और गलियों की खुदाई नहीं होगी। संकरी गलियों में नेटवर्किंग का काम रोका जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना बरही पुलिस द्वारा तीन वर्षीय नाबालिक बालिका को परिजनो से मिलवाया

**परिजनो द्वारा थाना बरही पुलिस की सेवा की प्रशंसा की और पुलिस स्टाफ़ का किया आभार वयक्त**

**लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेशः कटनी** गत दिनाक 24.02.26 को थाना बरही को सूचना प्राप्त हुई कि मेला ग्राउंड बरही मेले में एक एक 03 वर्षीय नाबालिक बालिका घूम रही है जो अपने बारे में कुछ भी बताने में अक्षम है। थाना बरही पुलिस व स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंच कर उक्त बालिका को थाना बरही लाया गया और स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से बालिका के परिजन को ढूंढ कर तीन वर्षीय नाबालिक बालिका को सकुशल उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया l परिजन, ग्रामवासियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने थाना बरही पुलिस सेवा की प्रशंसा कर पुलिस स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया l उक्त दस्तयाबी कार्यवाही में स उ नि दिनेश गौतम , प्र आरक्षक अतुल तिवारी, आर विवेक श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रहीं l




### कलेक्टर श्री तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सुन रहे लोगों की समस्याएं

**अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश**

**लोकतंत्र कि शान हसन रसीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेशः कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सुन रहे लोगों की समस्याएं। अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश। कलेक्टर श्री तिवारी अब तक 39 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री नीलांबर मिश्रा,संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, उपसंचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, जिला प्रबंधक लोकसेवा दिनेश विश्वकर्मा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं।






### कुसमी में पुजेरी हत्याकांड पर उबाल तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना

**बाजार बंद, प्रशासन नदारद होने से बढ़ा आक्रोश**



**लोकतंत्र की शान सीधी।** जिले के कुसमी क्षेत्र में पुजेरी हत्याकांड को लेकर जनाक्रोश खुलकर सामने आया है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे से मंदिर के पास स्थित एसडीएम कार्यालय परिसर एवं तहसील प्रांगण में सैकड़ों ग्रामीणों और व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। आंदोलन के समर्थन में कुसमी बाजार पूरी तरह बंद रहा, जिससे इलाके में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। जहां धरने में शामिल लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कई गंभीर आशंकाएं भी व्यक्त कीं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि घटना से जुड़े एक घर के अंदर अवैध हथियार होने की आशंका है, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हत्याकांड के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही, जिससे असंतोष और बढ़ गया है। वहीं आंदोलनकारियों ने अपनी मुख्य मांगों में कथित अवैध निर्माण को जमींदोज करने, बूचड़ख़ाने को हटाने तथा मृतक पुजेरी के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग रखी। धरने में ब्राह्मण समुदाय के साथ-साथ सभी वर्गों के व्यापारी खुलकर समर्थन में नजर आए। व्यापारियों ने कहा कि न्याय की मांग को लेकर वे आंदोलन के साथ खड़े हैं। वहीं इसी बीच मौके पर तहसीलदार एवं एसडीएम की अनुपस्थिति को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार अधिकारियों के सीधी कलेक्ट्रेट में शासकीय कार्य हेतु जाने की बात कही गई है। हालांकि धरना स्थल पर कर्मचारी और अधिकारी देर शाम तक नहीं पहुंचे, जिससे भीड़ में असंतोष की स्थिति बनी रही। वहीं कुसमी के एसडीएम वीके आनंद ने बताया कि वे प्रशासनिक कार्य के कारण कलेक्ट्रेट में मौजूद हैं, जहां जनगणना से संबंधित कार्य चल रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सीधी की बेटियों ने कुश्ती के अखाड़े में रचा इतिहास

» पहली बार ओपन स्टेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्राची केवट ने जीता रजत पदक

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि जिले में खेल गतिविधियों को लेकर लगातार चलाए जा रहे विशेष अभियानों जैसे सांसद खेल महोत्सव, खेलो एमपी यूथ गेम 2026 और युवा उत्सव के साथ-साथ विभिन्न खेल संस्थाओं एवं स्कूलों द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के सुखद परिणाम अब धरातल पर आने लगे हैं। पूर्व में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम में जहां जिले के 18 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने 18 पदक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया था, उसी कड़ी में अब कुश्ती के क्षेत्र में भी जिले ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जबलपुर में दिनांक 21 से 23 फरवरी 2026 तक आयोजित मध्य प्रदेश एमेच्योर कुश्ती संघ की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधी जिले के खिलाड़ियों ने अदम्य साहस और कौशल का परिचय दिया है। जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के सतत मार्गदर्शन में जिले की खेल अधोसंरचना और गतिविधियों में जो नियमित विकास हो रहा है उसके परिणाम स्वरूप पहली बार बालिकाओं ने ओपन स्टेट कुश्ती प्रतियोगिता में पदार्पण किया और सफलता हासिल की। प्रतियोगिता के परिणामों का विवरण देते हुए बताया गया कि 46 किलोग्राम भार वर्ग में प्राची केवट ने अपनी उत्कृष्ट तकनीक से सिल्वर मेडल रजत पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया है। वहीं अलबिया खान ने 50 किलोग्राम वर्ग में और कृष्ण कुमार सिंह ने 44 किलोग्राम वर्ग में प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि ओम केवट 48 किलोग्राम भार वर्ग में पाँचवें स्थान पर रहे। यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह विभिन्न खेल संस्थाओं, विद्यालयों, समर्पित कोचों और खिलाड़ियों के माता-पिता की मेहनत तथा अटूट विश्वास का साझा परिणाम है। इन सभी होनहार खिलाड़ियों को संसद कप और खेलो एमपी यूथ गेम्स के उच्च मानकों के अनुरूप ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सीधी निगरानी में तैयार किया गया था। पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में मिलने वाला कड़ा प्रशिक्षण और प्रशासनिक सहयोग ही आज खिलाड़ियों को इस मुकाम तक ले आया है।

# अवैध कोयला परिवहन करते पकड़ाया ट्रेलर

लोकतंत्र की शान

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के अवैध खनिज संपदा के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कड़े रुख के अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक राकेश बैस के नेतृत्व में पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला परिवहन कर रहे ट्रेलर को पकडऩे में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 फरवरी 2026 की रात थाना अमिलिया के सामने पुलिस टीम द्वारा सघन वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक यूपी 63 बीटी 3773 को रोककर जांच की गई। वाहन चालक प्रेमचन्द्र बिंद निवासी मिर्जापुर उप्र द्वारा दिखाए गए ई टीपी की वैधता समाप्त हो चुकी थी, जिससे स्पष्ट हुआ कि कोयले का परिवहन पूर्णतः अवैध रूप से किया जा रहा था। जब्ती की गई सामग्री में ट्रेलर में कुल 40.430 मीट्रिक टन कोयला लोड था, जिसकी कीमत 2,12,158 आंकी गई है। पुलिस ने 40 लाख मूल्य का ट्रेलर और कोयला मिलाकर कुल 42,12,158 की मशरूका जब्त की है। आरोपी को बीएनएस एवं खान खनिज की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश बैस के साथ उनि राजमणि अहिरवार, सउनि उग्रभान मिश्रा, प्रआर लोकेन्द्र सिंह और आरक्षक रघुराज सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# प्रताप गैस एजेंसी में उपभोक्ताओं के साथ धोखा

» प्रत्येक सिलेंडर में दो से तीन किलो कम मिल रही गैस
» लंबे समय से चल रहा है गैस एजेंसी में यह खेल

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** शहर में संचालित प्रताप गैस एजेंसी भारत गैस के फर्जीवाड़े की चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। गोदाम में रिफिलिंग के दौरान उपभोक्ताओं को सिलेंडर में मिलने वाली गैस के वजन में भारी खेल किया जा रहा है। इस संबंध में मीडिया की टीम ने जब प्रताप गैस एजेंसी के गोदाम का स्टिंग ऑपरेशन किया तो चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय में संचालित प्रताप गैस एजेंसी भारत गैस के द्वारा कम गैस देने की शिकायत लंबे समय से आ रही थी, लेकिन इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही थी, ऐसे में उपभोक्ताओं ने मीडिया का सहारा लेते हुए इस पूरे मामले का भंडाफोड़ किया है। सोमवार को जब प्रताप गैस एजेंसी के गोदाम से गैस सिलेंडर लेने पहुंचे एक उपभोक्ता ने रिलेंडर में गैस कम होने का आरोप लगाते हुए वजन कराने के लिए अड़ गया तो पहले गोदाम के कर्मचारियों द्वारा आनाकानी की गई फिर मौके पर जमा उपभोक्ताओं की भीड़ के बीच खुलती पोल को देखते हुए वजन कराने के लिए तैयार हो गए। वजन के दौरान सिलेंडर की स्थिति क्या रही यह आप सब इस समाचार के साथ प्रकाशित तस्वीर में देख सकते हैं। बता दें कि गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी होने से आम आदमी की रसोई का संतुलन पहले से ही बिगड़ा है, ऊपर से यह एजेंसी संचालक उपभोक्ताओं की जेब काटने में लगें हैं, जिससे आम आदमी की रसोई में संकट खड़ा हो गया है।


**तीन किलो कम मिल रही गैस**

प्रताप गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर लेने के बाद मौके पर ही जब भरे हुए दो सिलेंडरो का वजन कराया गया तो करीब तीन किलों कम गैस पाई गई। हालांकि गोदाम प्रभारी ने बिगड़े माहौल को देखते हुए फौरन अपने शुरू बदल लिए और कहा कि आप दूसरा ले लीजिए। सवाल यह उठता है कि जिसने वजन की तौल करवा ली उसे तो वह दूसरा देने के लिए तैयार हो गए, लेकिन जिन्हें घर में पहुंचाकर दिया जाता है वह किसके पास सिलेंडर का वजन करवाने जाएं। एजेंसी संचालक को यह भलीभांति पता है कि होम डिलेवरी के दौरान लोगों के पास नापतौल का उपकरण नहीं उपलब्ध रहता है जिसके चलते उनकी सच्चाई उजागर नहीं हो सकती है। अब जब इसका स्टिंग ऑपरेशन किया गया तो पूरी सच्चाई सामने आ गई।

# लापता नाबालिग किशोरी की खोजबीन में अमिलिया पुलिस बनी लापरवाह

» पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से की फरियाद,
» गांव की एक महिला पर लगाया गायब करने का आरोप

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाली अमिलिया पुलिस का एक और कारनामा सामने आया है, इस बार एक 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी की गायब होने पर पुलिस द्वारा खोजबीन करने में लापरवाही का आरोप लगा है। इस मामले की शिकायत पीड़ित पिता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई है। उल्लेखनीय है कि अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामदरश कोल पिता रामप्यारे कोल निवासी ग्राम चमरौहा थाना अमिलिया ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए बताया कि मेरी बेटी राजकली कोल उम्र 12 वर्ष 6 माह, कुछ काम से 19 फरवरी को अमिलिया गई थी, जहां से मेरी बेटी गायब हो गई जब पतासाजी पर पता लगा है कि गांव की ही संगीता कोल पत्नी वृहस्पति कोल निवासी चमरौहा के द्वारा किसी प्रयागराज निवासी को 50 हजार रुपए मे बेंच दिया गया है, इतना ही नहीं उक्त महिला ने यह राज छुपाने के लिये मेरे बेटी की सहेली सुष्मिता कोल पुत्री भाईलाल कोल को पैसे का ऑफर किया जो पैसे ना लेकर सारी हकीकत मेरे समक्ष बताई है। पीड़ित पिता ने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी मेरे द्वारा थाना अमिलिया को देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई परंतु थाना अमिलिया पुलिस ने गुमशुदी दर्ज किया गया तथा आज दिनाक तक कोई ठोस कार्यवाही नही की गई। पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक से अपनी बेटी को खरीददारों के चुगल से मुक्त कराने एवं उसको गायब कराने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग उठाई है।

**अमिलिया पुलिस का यह है ऑपरेशन मुस्कान**

एक तरफ पुलिस मुख्यालय द्वारा लापता नाबालिग किशोरियों सहित महिलाओं की खोजबीन के लिए ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है, दूसरी तरफ जिले की अमिलिया पुलिस द्वारा सब कुछ जानने के बाद भी लापता नाबालिग किशोरी की खोजबीन नहीं की जा रही है। जबकि पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी स्वयं ऐसे मामलों को लेकर गंभीर रहते हैं लेकिन लंबे समय से थाना प्रभारी के पद पर बने रहने वाले राकेश वैश्य जनसेवा के प्रति गम्भीर नहीं दिख रहे हैं।

# रेत के ओवरलोड वाहन बिगाड़ रहे प्रधानमंत्री सड़कों की सूरत

» बिना सुरक्षा मापदंडों के दौड़ रहे ट्रक-ट्रैक्टर, दुर्घटनाओं का खतरा
» गति नियंत्रण व ओवरलोडिंग पर जिम्मेदार मौन, ग्रामीण सड़कें हो रहीं जर्जर

लोकतंत्र की शान



**सीधी।** जिले में इन दिनों रेत से लदे ओवरलोड वाहनों की बेलगाम आवाजाही ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों सहित ग्रामीण मार्गों की हालत बिगड़ गई है। निर्धारित क्षमता से अधिक रेत भरकर भारी वाहन उन सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं, जो इतने भार को सहन करने के लिए बनी ही नहीं हैं। नतीजतन कई जगह सड़कें उखड़ रही हैं, किनारे धंस रहे हैं और गड्ढों की भरमार हो गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस व विभागीय जांच से बचने के लिए रेत परिवहन में लगे वाहन मुख्य मार्गों की बजाय गांवों के अंदरूनी रास्तों का उपयोग कर रहे हैं। इन संकरे मार्गों पर तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। रेत परिवहन के दौरान वाहनों में कई सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। ट्रॉली या डंपर में रेत भरने के बाद उसे तिरपाल या पॉलीथिन से ढंकना जरूरी होता है, ताकि चलते समय रेत उड़कर पीछे आने वाले वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों की आंखों में न जाए। लेकिन जिले में अधिकांश वाहन बिना ढंके ही रेत का परिवहन कर रहे हैं। उड़ती धूल और रेत के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

**सिंगरौली अंचल से आ रहे भारी वाहन**

बताया जा रहा है कि सिंगरौली अंचल में संचालित रेत खदानों से बड़ी संख्या में वाहन सीधी जिले की ओर आ रहे हैं। इन वाहनों के चालक मुख्य मार्गों पर जांच से बचने के लिए ग्रामीण सड़कों का सहारा लेते हैं। इससे गांवों की सड़कों की स्थिति तेजी से खराब हो रही है। जानकारों के अनुसार मालवाहक वाहनों में उसकी निर्धारित बॉडी से अधिक सामग्री लोड करना नियम विरुद्ध है। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ओवरलोडिंग पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसके बावजूद ट्रॉली और डंपरों में बॉडी से ऊपर तक रेत भरकर खुलेआम परिवहन किया जा रहा है। ऊपर से न तो उसे ढंका जाता है और न ही वजन सीमा का पालन किया जाता है। कार्रवाई के अभाव में वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं और दिनदहाड़े नियमों की अनदेखी की जा रही है।

# विधायक संजय पाठक ने विधानसभा में उबरा से मनघटा होते धवैया तक सड़क निर्माण करने की उठाई मांग

लोकतंत्र कि शान हसन रशीद जिला ब्यूरो चीफ जबलपुर कटनी मध्य प्रदेश



**कटनी ।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक संजय पाठक ने विधानसभा में याचिका के माध्यम से विजयराघवगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत उबरा,मनघटा और धवैया को सड़क मार्ग से एक दूसरे से सीधे जोड़ने की मांग उठाई और विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से शासन को सूचित करते हुए जनहित को देखते हुए इस मांग पर जल्द से जल्द विचार करते हुए सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध किया। विजयराघवगढ़ के बरही तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम मनघटा और धवैया सहित अन्य आसपास के निवासियों को गैरतलाई क्षेत्र की ओर आवागमन के लिए बरही नगर घूमते हुए 20 से 30 किलोमीटर दूरी आने जाने में 50 किलोमीटर चक्कर लगाना होता है जबकि यदि उबरा से मनघटा होते धवैया तक सड़क निर्माण हो जाए तो यह दूरी 15 किलोमीटर रह जानी है जिससे गरीबों किसानों के काम आने वाले ट्रैक्टर, थ्रेसर हार्वेस्टर के साथ ही तरह तरह का छोटा व्यापार करने वाले व्यापारियों को भी इस सीधी सड़क के निर्माण से फायदा होगा। इस सड़क के निर्माण की बात को विधायक संजय पाठक ने याचिका प्रस्तुत करते हुए शासन के समक्ष रखा है।

# हरियाणा कौशल रोजगार पर कर्मचारी क्या बोले

लोकतंत्र की शान ,राजेंद्र करनाल की रिपोर्ट



**सोनीपत :** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के बैनर तले हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच सोनीपत एवं हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन नंबर 1286 जिला कमेटी सोनीपत एवं राज्य पदाधिकारीयों की एक सामूहिक बैठक एच.एस.वी.पी. कंपलेक्स सेक्टर 15 सोनीपत में दोपहर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के प्रदेश महासचिव एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के प्रदेश चेयरमैन तथाहुड्डा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के.नागर ने की, सभा संचालन हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के जिला प्रधान राकेश योगी तथा हुडा यूनियन नंबर 1266 के जिला सचिव समेश कुमार ने किया। सभा में हरियाणा सरकार के विरुद्ध तथा एच.आर.डी. और कौशल रोजगार विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध जॉब सिक्योरिटी देने में देरी करने के लिए मुरादाबाद के जोरदार नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए मंच के प्रदेश महासचिव तथा हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच के प्रदेश चेयरमैन आर. के.नागर ने प्रदेश सरकार पर H.K.R.NL कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी देने में अनावश्यक देरी करने का आरोप लगाया। और कहा कि, H.K.R.N को जॉब सिक्योरिटी देने की प्रकिया में बार-बार तिथि बढ़ाकर लटकाया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त होता जा रहा है। आर.के. नागर ने आगे कहा कि, हरियाणा सरकार ने 23 दिसंबर 25 से 31 जनवरी 26 तक ऑनलाइन कौशल रोजगार के पोर्टल के माध्यम से आवेदन भरवाने की प्रक्रिया शुरू की थी। परंतु तब तक कई विभागों और बोर्ड निगमन के अधिकारियोंने काफी कर्मचारियों के ओटीपी नहीं भेजे थे। तब यह तारीख 20 फरवरी तक फिर बढ़ाई गई। इसके बाद भी काफी अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया ओर कर्मचारियों के रिकॉर्ड पोर्टल पर नहीं डाले गए। इसलिए यह तारीख अब 15 मार्च 26 तक बढ़ा दी गई है।

# श्रीराधा कृष्ण के प्रथम मिलन की लीला का हुआ मंचन

» 26 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा की होगी स्थापना
» सुदामा चरित्र के साथ रासलीला का होगा समापन

लोकतंत्र की शान




**सीधी।** शहर के उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पडऱा में 17 फरवरी से श्रीराधा कृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन हो रहा है। रासलीला के सातवें दिन श्री राधा कृष्ण के प्रथम मिलन की लीला का मनमोहक मंचन किया गया। श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृन्दावन के व्यास स्वामी बृजेश शर्मा व उनके कलाकारों के द्वारा रासलीला की प्रस्तुति की जा रही है। परम पूज्य दण्डी स्वामी निर्भायानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आयोजित हो रहा है। सोमवार को रासलीला का शुभारंभ श्रीराधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्ता, भीम कामदार, दिलीप सितानी एवं विनय कुमार सिंह ने अपनी माता एवं परिवार के साथ श्री युगल सरकार की आरती की। भगवान श्रीकृष्ण खेलते हुते जमुना जी के किनारे आये तो देखे कि यमुना पार एक दिव्य वाली बैठी है। तो जाकर पूछा कि तुम कौन हो लाल और किस गांव की हो। भगवान श्रीकृष्ण बोले कि मैं वृन्दावन की सब साखियों को जानता हूं। तब श्रीराधा रानी ने बताया कि मैं वृशभानू दुलारी हूं। मेरे बाबा का आंगन बहुत बड़ा है तो मैं वहीं खेला करता हूं। यहां नंद जी का लाला बड़ा चोर है इस कारण यहां नहीं आती। तब श्रीकृष्ण जी ने कहा कि ऐसी बात नहीं साखियां नंद के लाला को बदनाम करती है। तो श्रीराधा जी ने कहा कि कही तुम ही तो नहीं नंद जी का लाला। तब श्रीकृष्ण जी ने कहा कि हां मैं ही हूं। मेरा नाम कुंवर कन्हाई है आप आओ कभी नंद भवन खेलने के लिए आदि श्रीराधा कृष्ण के प्रथम मिलन, श्रीकृष्ण और नंदबाबा की लीला का विस्तार से मंचन किया गया। उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीपेश शर्मा, श्री जी की भूमिका गोविंद शर्मा, श्री जी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगंबर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर पर टॉयलेट की दिक्कत, 45 मिनट तक लाइन में लग रहे सैनिक

**तेल अवीव।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर USS जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टॉयलेट बंद हो चुके हैं। इससे 4,500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टॉयलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टॉयलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टॉयलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी। USS जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार ऑपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डॉलर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था।



### मेक्सिको- गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची सेना, एल मेंचो की मौत से 20 राज्यों में हिंसा



**नई दिल्ली।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी। एल मेंचो की मौत के बाद सोमवार को भी हिंसक प्रदर्शन हुए। BBC के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लॉक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुईं हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और रॉकेट लॉन्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए। ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है।

### एआई समिट हंगामा- उदय भानु 4 दिन हिरासत में

**नई दिल्ली।** AI इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें आज सुबह तिलक मार्ग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी और आरोप लगाया कि चिब ही घटना के मास्टरमाइंड हैं। प्रदर्शनकारी उनके निर्देश पर भारत मंडपम में आयोजित समिट में घुसे थे। चिब ने ही उनको लॉजिस्टिक हेल्प की थी। इधर AI समिट मामले की जांच दिल्ली पुलिस की इंटर-स्टेट क्राइम ब्रांच टीम को सौंपी गई। चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने लिखा कि चिब की गिरफ्तारी असंवैधानिक और तानाशाह नरेंद्र मोदी की सनक का नतीजा है। राहुल ने लिखा कि कांग्रेस के 'बब्बर शेर' साथियों पर गर्व, जिन्होंने कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम के खिलाफ निडर होकर देश के हित में आवाज उठाई। दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर AI समिट के दौरान शर्टलैस होकर PM मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी इज कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।



### स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, दिल्ली से लेह जा रही थी, 150 यात्री सवार थे

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट के बोइंग 737 प्लेन की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। फ्लाइट SG-121 ने मंगलवार सुबह 6.08 बजे दिल्ली के ही आईजीआई एयरपोर्ट से लेह के लिए उड़ान भरी थी। कुछ देर बाद प्लेन के इंजन-2 में खराबी आ गई। इसके बाद पायलट ने प्लेन वापस दिल्ली की ओर मोड़ लिया। फ्लाइट की 6.49 बजे इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में 150 यात्री-क्रू सवार थे। घटना पर एयरलाइन ने कहा है कि फ्लाइट की सेफ लैंडिंग हुई है। कॉकपिट में किसी तरह की आग का अलर्ट नहीं मिला था। सभी यात्री सुरक्षित हैं। लंदन से हैदराबाद जा रही ब्रिटिश एयरवेज की एक फ्लाइट को खराब मौसम के कारण मंगलवार सुबह नागपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में सवार यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया है। एयरपोर्ट अधिकारी ने बताया कि यह फ्लाइट लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से रवाना हुई थी और सुबह करीब 5.30 बजे नागपुर में लैंड हुई। हैदराबाद में खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण विमान को नागपुर भेजा गया। विमान को तकनीकी कारणों से नागपुर एयरपोर्ट पर ही रोका गया है। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति की जांच की जा रही है।




### राजस्थान में दिन का तापमान 35° पहुंचा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि

**नई दिल्ली/देहरादून/भोपाल/रायपुर/चंडीगढ़।** राजस्थान में फरवरी में ही तेज गर्मी का असर दिखने लगा है। दिन का तापमान 35°C तक पहुंचा है। यहां बाढ़मेर का तापमान इतना रहा। 20 से ज्यादा शहरों का तापमान 30°C या इससे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन में अधिकतम तापमान में 2°C से 3°C की बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में मिनिमम टेम्परेचर 16°C के आस-पास है। इधर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा में बारिश और ओलावृष्टि का असर है। MP में लो प्रेशर एरिया और दो ट्रफ के असर के चलते 10 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। इस दौरान शिवपुरी में ओलेवृष्टि भी हुई। उत्तराखंड में केदारनाथ धाम, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग में लगातार दूसरे दिन बर्फबारी हुई। इसके साथ ही चमोली के गोपेश्वर में बारिश हुई। 3 जिलों उत्तरकाशी, चमोली, और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट है। इनमें सोमवार को दिल्ली में मौसम सामान्य से ज्यादा गर्म रहा। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 30.5°C सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य तापमान से 5°C ज्यादा था। पालम का अधिकतम तापमान 28.6°C रहा।

# राहुल बोले-मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की

## पीएम पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव, भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल

**एजेंसी, भोपाल**



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया।

राहुल ने कहा– हिंदुस्तान और अमरीका का समझौता चार महीने के लिए रुका हुआ था। ये कृषि के मामले पर रुका था। हिंदुस्तान की सरकार नहीं चाहती थी कि अमरीका की बड़ी–बड़ी कंपनियां, सोया, कपास, भुट्टा हिंदुस्तान में बेच पाएं। हिंदुस्तान का कोई किसान और नेता नहीं चाहता। चार महीने चर्चा बंद पड़ी थी। मैंने भाषण दिया। उसमें मैं सिर्फ नरवणे की बात नहीं कहना चाहता था। दो–तीन चीजें और कहने वाला था। मेरा भाषण खत्म होते ही पीएम गए और बिना कैबिनेट से पूछे उसी दिन ट्रंप को फोन लगाया। ट्रंप ने ट्वीट किया है कि हिंदुस्तान के पीएम ने मुझे फोन किया और कह दिया कि यूएस इंडिया डील को मैं साइन करने को तैयार हूं।

**राहुल ने मोदी-ट्रंप डील के ये दो कारण बताएः** राहुल बोले– लोकसभा से नरेंद्र मोदी भागते हुए गए। आप गडकरी जी, शिवराज जी से पूछिए। क्या किसी से बात की उन्होंने। बिना कैबिनेट से पूछे हिंदुस्तान के किसानों को बेच दिया। हमारा सारा डेटा दे दिया। इसके दो कारण हैं...

**पहलाः** अमेरिका में लाखों फाइल, एपस्टीन की फाइल बंद पड़ी हुई हैं। तीस लाख फाइल। उसमें ईमेल है। मैसेज हैं। वीडियो हैं। सबकुछ है। वो रिलीज नहीं हुई हैं। बंद पड़ी हैं। धमकाने के लिए हरदीप पुरी का नाम रिलीज किया है। ये मैसेज है कि भैया आपने हमारी बात सुनी नहीं तो फिर उन फाइलों में से माल निकलेगा। भाइयो–बहनों अनिल अंबानी मेरा मित्र नहीं है। नरेंद्र मोदी जी आप बताइए अनिल अंबानी से आपका रिश्ता क्या है? अनिल एपस्टीन फाइल में है।

**दूसराः** मैं अभी गाड़ी में आ रहा था। देखा अडाणी आईसीसी, जहां भी देखो अडाणी। ये जो अडाणी है मामूली कंपनी नहीं है। ये बीजेपी का नरेंद्र मोदी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर है। दूसरी धमकी है कि अमरीका में अडाणी पर क्रिमनल केस है। अडाणी अमरीका नहीं जा सकते हैं। डरे हुए हैं कि मैं गया तो पकड़ लेंगे। दरअसल, उस केस का लक्ष्य अडाणी नहीं, नरेंद्र मोदी है। वो तीर अडाणी की तरफ नहीं, नरेंद्र मोदी की तरफ मारा जा रहा है।

## अंडमान में समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग, तकनीकी खराबी आई

**एजेंसी, श्री विजयापुरम**



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। घटना के समय उसमें 5 यात्री और 2 पायलट सवार थे। इनमें 3 महिला, 3 पुरुष और एक बच्चा मौजूद थे। अधिकारियों ने बताया कि पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर ने सुबह 8.30 बजे पोर्ट ब्लेयर से अंडमान के मायाबंदर के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर के मायाबंदर पहुंचने के पहले ही उसमें खराबी आ गई। इसके बाद रनवे से 300 मीटर पहले ही समुद्र में हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग कराई गई। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि घटना में दोनों पायलट और 5 यात्री घायल हुए हैं। सभी को मायाबंदर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केंद्र सरकार की हेलिकॉप्टर सेवा कंपनी पवन हंस के प्रवक्ता ने बताया कि घटना के बाद पोर्ट ब्लेयर से राहत हेलिकॉप्टर भेजा गया था। मामले की जांच कराई जा रही है। एक दिन पहले ही झारखंड के चतरा में एयर एंबुलेंस क्रैश में 7 लोगों की मौत हुई थी। प्लेन के दोनों पायलट भी मारे गए थे।

♦ **पवन हंस कंपनी के हेलिकॉप्टर में सवार सभी 7 लोग सुरक्षित**

**झारखंडः चतरा में प्लेन क्रैश, 7 की मौतः** 23 फरवरी की रात रांची से दिल्ली जा रही रेडबर्ड एयरवेज कंपनी की एयर एंबुलेंस झारंखड के चतरा में कसियातु जंगल में क्रैश हुई थी। घटना में प्लेन सवार सभी 7 लोगों की मौत हुई। एबुलेंस ने शाम 7.11 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। 7:34 बजे कोलकाता एटीसी से संपर्क टूट गया। रात 8:05 बजे रेस्क्यू कोऑर्डिनेशन सेंटर एक्टिव किया गया। मरने वालों में प्लेन के दोनों पायलट कैप्टन विवेक, कैप्टन सबराजदीप, मरीज संजय कुमार, उनकी पत्नी अर्चना देवी, भगीना ध्रुव कुमार, डॉ. विकास कुमार गुप्ता, एक पैरामेडिक सचिन कुमार मिश्रा शामिल हैं।

## पिता को मारकर शव के टुकड़े नीले ड्रम में छिपाए

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घरसे 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा।

पिता का सिर फेंकने के बाद आरोपी घर लौटा और कार की सफाई की। तीन दिन बाद सोमवार को वह थाने पहुंचा और गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू की तो बेटा घबराया नजर आया। शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई, तब उसने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची और शव के टुकड़े बरामद किए, लेकिन सिर नहीं मिला।



आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता चाहते थे कि वह NEET क्वालीफाई करके MBBS करे। वह इस बात पर अड़ा था कि MBBS के लिए उस पर जबरदस्ती न की जाए। वह पिता से कहता था कि पैथोलॉजी लैब की जगह लॉन या रेस्टोरेंट खोला जाए, जो ज्यादा अच्छा बिजनेस रहेगा। इसी बात को लेकर 20 फरवरी को पिता से बहस हुई। गुस्से में उसने पिता की लाइसेंसी राइफल से गोली मार दी। वारदात आशियाना कोतवाली क्षेत्र के सेक्टर-L की है।

## अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया, 6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच जाएगी।



**अमेरिका का दावा- चीन अपने परमाणु जखीरे का विस्तार कर रहाः** यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है। येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया।

♦ **2030 तक 1000 से ज्यादा होंगे**

**अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा समझौता चाहते हैं ट्रम्पः** पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1,550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बॉम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की कोशिश की थी, लेकिन यह असफल रही। ट्रम्प ने 2020 में अमेरिका के परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करने की बात भी कही थी, हालांकि बाद में स्पष्ट किया गया कि इसमें विस्फोटक परीक्षण नहीं होंगे। 1992 के बाद अमेरिका ने कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है।

# ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था। अमेरिकी US कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CPB) ने एक बयान में कहा- 1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट (IEEPA) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10:30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड उसके कार्गो सिस्टम से हटा दिए जाएंगे। पेन व्हार्टन बजट मॉडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डॉलर (15.75 लाख करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है। रॉयटर्स के मुताबिक, IEEPA के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डॉलर (4,500 करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं।




**ट्रम्प बोले- कई देशों ने अमेरिका को नुकसान पहुंचायाः** ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प ने कहा, 'कई देशों ने अमेरिका को व्यापार में बरसों तक नुकसान पहुंचाया है।' ट्रम्प का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मंगलवार से भारत समेत सभी देशों पर 15% टैरिफ शुरू हो जाएगा। दरअसल, कुछ देश 15% टैरिफ का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों से ट्रेड डील कर 10% अमेरिकी बेस लाइन टैरिफ चुकाने पर सहमति जताई थी। अब 15% टैरिफ चुकाना पड़ेगा। इन देशों का कहना है कि ट्रेड डील में जब 10% टैरिफ पर करार हुआ है तो वे ज्यादा टैरिफ नहीं चुकाएंगे। इस पर ट्रम्प प्रशासन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

❐ **समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहा- गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा**

**ट्रम्प बोले- सुप्रीम कोर्ट ने मुझे पहले से ज्यादा अधिकार दे दिएः** राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा, 'मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखूंगा, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा।' उन्होंने फैसले को मूर्खतापूर्ण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने बाकी बचे टैरिफ को कानूनीतौर पर मजबूत कर दिया है और अब वह उन्हें और ज्यादा सख्त तरीके से लागू कर सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है।यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं। यह आदेश सिर्फ IEEPA कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्टोरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा।

## मप्र कृषि उत्पादन में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल, खाद्यान्न-दलहन और तिलहन उत्पादन में अग्रणी

**एजेंसी, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश ने कृषि उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रमुख उत्पादक राज्यों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। केंद्र सरकार द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार राज्य खाद्यान्न, दलहन तथ तिलहन फसलों के उत्पादन में शीर्ष तीन राज्यों में शामिल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि मध्य प्रदेश ने कुल खाद्यान्न उत्पादन में 46.63 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो राष्ट्रीय उत्पादन का लगभग 13.04 प्रतिशत है। राज्य कुल दलहन फसल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर हैं। तिलहन फसलों के उत्पादन में देश में दूसरा स्थान हासिल किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषकों की आय को बढ़ाने एवं उनके समग्र कल्याण के उद्देश्य से वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। गेहूं उत्पादन में राज्य ने 24.51 मिलियन टन उत्पादन किया और लगभग 20.78 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में दूसरा स्थान हासिल किया। राज्य मक्का उत्पादन में भी अग्रणी रहा, 6.64 मिलियन टन उत्पादन के साथ मध्य प्रदेश का राष्ट्रीय हिस्सेदारी में लगभग 15.30 प्रतिशत योगदान रहा, जिससे यह देश का प्रमुख उत्पादक राज्य बना। मोटे अनाज (न्यूट्री/कोर्स सीरियल्स) के उत्पादन में भी राज्य ने 7.78 मिलियन टन उत्पादन करते हुए लगभग 12.17 प्रतिशत हिस्सेदारी दर्ज की और देश में तृतीय स्थान हासिल किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दलहन क्षेत्र में मध्य प्रदेश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल दलहन उत्पादन में 5.24 मिलियन टन उत्पादन किया और 20.40 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ देश में पहला स्थान प्राप्त किया। चना उत्पादन में राज्य 2.11 मिलियन टन उत्पादन और लगभग 19.01 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शीर्ष तीन राज्यों में दूसरे स्थान पर रहा।

## पश्चिम बंगाल एसआईआर-ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन में मदद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में SIR प्रक्रिया में सामने आए 80 लाख क्लेम निपटाने के लिए 2 राज्यों से सिविल जजों को तैनात करने की परमिशन दे दी है। कोर्ट ने आदेश दिया कि कलकत्ता हाईकोर्ट पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट SIR प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए झारखंड-ओडिशा के सिविल जजों की मदद ले सकता है। CJI सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि वह 28 फरवरी को बंगाल की फाइनल SIR लिस्ट पब्लिश कर सकता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन प्रोसेस आगे बढ़ता है तो पोल पैनल सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी कर सकता है। इससे पहले 20 फरवरी को, पश्चिम बंगाल सरकार और EC के बीच चल रही खींचतान से निराश होकर कोर्ट ने SIR प्रोसेस में पोल पैनल की मदद के लिए मौजूदा और पूर्व जिला जजों को तैनात करने का निर्देश जारी किया था।



**कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था- क्लेम से निपटने में 80 दिन लग सकते हैं :** कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने सुप्रीम कोर्ट को लिखे लेटर में बताया था कि 80 लाख लोगों के क्लेम से निपटने के लिए 250 डिस्ट्रिक्ट जजों को 80 दिन लग सकते हैं। इस पर एक्शन लेते हुए CJI ने सिविल जजों की मदद लेने की परमिशन दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा कि वे झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से वहां के ज्यूडिशियल ऑफिसर भेजने की मांग रख सकते हैं। बेंच ने कहा कि इन ऑफिसरों का खर्च चुनाव आयोग उठाएगा। राज्य में SIR प्रक्रिया के दौरान लिस्ट में से हटाए गए 80 लाख दावों में माता-पिता के नाम, वोटर और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना शामिल है।

♦ **सुप्रीम कोर्ट बोला- इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए, 80 लाख दावों का निपटारा बाकी**

**सुप्रीम कोर्ट ने किया अनुच्छेद 142 का इस्तेमालः** सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पूरी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए आदेश जारी किया कि बंगाल में सप्लीमेंट्री इलेक्टोरल रोल में वोटरों को फाइनल लिस्ट में शामिल माना जाएगा। यह शक्तियां कोर्ट को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत मिली हैं। यह अनुच्छेद सुप्रीम कोर्ट को विशेष शक्ति देता है कि वह पूर्ण न्याय के लिए जरूरी आदेश या डिक्री जारी कर सके। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट किसी भी मामले में ऐसा आदेश दे सकता है जो पूर्ण न्याय के लिए जरूरी हो। वह आदेश पूरे भारत में लागू होगा। हालांकि यह शक्तियां असीमित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट संविधान और मौलिक अधिकारों के खिलाफ आदेश नहीं दे सकता। संसद के बनाए कानूनों का उल्लंघन नहीं कर सकता।

# एआई कंपनी के एक बयान से शेयर बाजार में भूचाल- निवेशकों का निर्णय तर्कसंगत गणनाओं के साथ मनोवैज्ञानिक संकेतों से भी प्रभावित होता है- 24 फरवरी 2026 की गिरावट का अंतरराष्ट्रीय विश्लेषण



लोकतंत्र की शान

» वर्तमान परिदृश्य में,जब वैश्विक स्तरपर अनिश्चितता का वातावरण है, भारतीय बाज़ार में अपेक्षा से अधिक उतार चढ़ाव देखा जा रहा है

» आज के दौर में पूंजी बाजार संभावतःकेवल मौलिक आर्थिक संकेतकों,जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति या ब्याज दर से संचालित नहीं होते, बल्कि वे सूचना-आधारित अपेक्षाओं पर अधिक निर्भर हैं -एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र





**गोंदिया** - वैश्विक वित्तीय परिवेश में आज सूचना,अनुमान और तकनीकी घोषणाएँ कितनी तीव्रता से पूंजी बाजारों को प्रभावित करती हैं।इसका सटीक उदाहरण 24 फरवरी 2026 को भारतीय शेयर बाजार में दर्ज की गई गिरावट से देखने को मिला। संभवतः एक बार फिर यह साबित हों गया, दोपहर के सत्र में जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंपनी एथ्रोंपिक ने अपने एआई मॉडल क्लाउडे कोट के लिए एक नया टूल प्रस्तुत करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य आधुनिक प्रणालियों में रूपांतरित करना बताया गया,पुराने कोबोल कोड को मॉडर्न बनाने में मदद करेगा।इससे माना जा रहा है कि सॉफ्टवेयर सर्विसेज की मांग कम हो सकती है।तो कुछ ही घंटों में भारतीय आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली।दिन के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक लगभग 4.74 प्रतिशत तक गिर गया और प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 1,068 अंकों से अधिक टूटकर 82,225.92 पर तथा निफ़्टी 50 288 अंकों सेअधिक गिरकर 25,424.65 पर बंद हुआ।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, अब प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल एक तकनीकी घोषणा इतनी बड़ी गिरावट का कारण बन सकती है,या यह गिरावट पहले से मौजूद आशंकाओं की परिणति थी?वैश्विक वित्तीय बाजारों की संरचना को समझे बिना इस घटना का विश्लेषण अधूरा रहेगा। आज के दौर में पूंजी बाजार केवल मौलिक आर्थिक संकेतकों जैसे जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति या ब्याज दर से संचालित नहीं होते, बल्कि वे सूचना-आधारित अपेक्षाओं पर अधिक निर्भर हैं।व्यवहारिक अर्थशास्त्र बताता है कि निवेशकों का निर्णय तर्कसंगत गणनाओं के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक संकेतों से भी प्रभावित होता है।जब कोई अग्रणी तकनीकी कंपनी यह संकेत देती है कि वह ऐसे उपकरण विकसित कर रही है जो पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं की आवश्यकता को कम कर सकते हैं, तो निवेशक तुरंत यह अनुमान लगाने लगते हैं कि आईटी सेवा कंपनियों के राजस्व मॉडल पर इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। परिणामस्वरूप, जोखिम से बचने की प्रवृत्ति सक्रिय हो जाती है। साथियों बात अगर हम भारतीय आईटी उद्योग पिछले तीन दशकों में वैश्विक आउटसोर्सिंग मॉडल का प्रमुख स्तंभ रहा है इसको समझने की करें तो, बैंकिंग, बीमा, दूरसंचार और सरकारी प्रणालियों में दशकों से उपयोग हो रहे कोबोल जैसे पुराने प्रोग्रामिंग ढाँचों के रखरखाव और आधुनिकीकरण से भारतीय कंपनियों को निरंतर आय प्राप्त होती रही है।यदि एआई आधारित उपकरण स्वचालित रूप से इन कोडों को आधुनिक भाषाओं में रूपांतरित कर दें, तो निवेशकों को यह भय हो सकता है कि परंपरागत मैनपावर-आधारित सेवाओं की मांग घटेगी। हालांकि यह केवल एक संभावित परिदृश्य है, लेकिन बाजार तत्काल संभावनाओं को कीमतों में समाहित कर लेता है। यही कारण है कि एआई संबंधी घोषणाएँ अक्सर तकनीकी शेयरों में असामान्य उतार-चढ़ाव उत्पन्न करती हैं।यह भी ध्यान देने योग्य है कि वैश्विक स्तर पर एआई कंपनियों के उदय ने निवेश परिदृश्य को पुनर्परिभाषित कर दिया है। ओपन एआई ,गूगल , माइक्रोसॉफ्ट और नवीडिया जैसी कंपनियों ने पिछले वर्षों में एआई आधारित उत्पादों और चिप्स के माध्यम से बाजार पूंजीकरण में भारी वृद्धि दर्ज की है। निवेशकों की दृष्टि में एआई अब केवल एक तकनीकी प्रवृत्ति नहीं, बल्कि औद्योगिक क्रांति 4.0 का प्रमुख इंजन है। ऐसे वातावरण में जब कोई नई एआई क्षमता प्रस्तुत होती है, तो बाजार उसे पारंपरिक उद्योगों के लिए संभावित विघटन के रूप में देखता है।24 फरवरी की गिरावट को केवल एक कंपनी के बयान से जोड़ना सरलीकरण होगा। उस समय वैश्विक स्तर पर पहले से ही कई अनिश्चितताएँ मौजूद थीं, अमेरिका में संभावित ब्याज दर नीतियों को लेकर असमंजस, यूरोप में विकास दर की मंदी, और एशियाई बाजारों में निर्यात मांग को लेकर चिंताएँ। जब बाजार पहले से ही अस्थिर मनोदशा में हो, तब कोई भी नकारात्मक संकेत बिकवाली को तेज कर सकता है। इसे ट्रिगर इवेंट कहा जाता है,जहाँ मूल कारण गहरे होते हैं, लेकिन एक छोटा समाचार तत्काल प्रतिक्रिया को सटीक रूप से जन्म देता है। साथियों बात अगर हम व्यवहारिक वित्त के सिद्धांत हर्ड बिहेवियर इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है इसको समझने की करें तो, जब कुछ बड़े संस्थागत निवेशक किसी क्षेत्र में बिकवाली शुरू करते हैं,तो एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग सिस्टम और खुदरा निवेशक भी उसी दिशा में कदम बढ़ाते हैं। परिणामस्वरूप, गिरावट अपनी गति स्वयं निर्मित करती है।आईटी क्षेत्र में 4.74 प्रतिशत की गिरावट यह संकेत देती है कि बाजार ने इसे केवल अल्पकालिक समाचार नहीं, बल्कि संभावित संरचनात्मक परिवर्तन के संकेत के रूप में देखा।हालांकि, तकनीकी दृष्टि से यह भी विचारणीय है कि एआई उपकरण पारंपरिक सॉफ्टवेयर सेवाओं का पूर्ण विकल्प नहीं बन सकते।कोड आधुनिकीकरण केवल एक चरण है;उसके बाद परीक्षण, एकीकरण, साइबर सुरक्षा और रखरखाव जैसी सेवाएँ आवश्यक रहेंगी। भारतीय आईटी कंपनियाँ पहले ही एआई को अपनी सेवाओं में समाहित करने की दिशा में अग्रसर हैं। इसलिए दीर्घकाल में यह परिवर्तन उनके लिए अवसर भी सिद्ध हो सकता है। इतिहास बताता है कि तकनीकी क्रांतियाँ रोजगार और सेवाओं को समाप्त करने के साथ-साथ नए क्षेत्रों का सृजन भी करती हैं। साथियों बात अगर हम दीर्घकालिक निवेशकों के लिए ऐसे उतार-चढ़ाव अवसर भी प्रदान करते हैं, इसको समझने की करें तो,जब किसी क्षेत्र में भय के कारण मूल्य गिरते हैं, तो मजबूत बुनियादी कंपनियों में निवेश का अवसर उत्पन्न होता है। किंतु अल्पकालिक ट्रेडिंग करने वाले निवेशकों के लिए यह जोखिमपूर्ण समय होता है। इसलिए पोर्टफोलियो विविधीकरण और जोखिम प्रबंधन की रणनीतियाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती हैं। साथियों बात अगर हम इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से समझने की करें तो 2000 के डॉट-कॉम बुलबुले के समय भी तकनीकी घोषणाओं ने बाजार में तीव्र उतार-चढ़ाव उत्पन्न किए थे। उस समय इंटरनेट कंपनियों के मूल्यांकन में अत्यधिक आशावाद देखा गया, जो बाद में यथार्थ से टकराकर ध्वस्त हुआ। वर्तमान एआई उछाल की तुलना भी कई विश्लेषक उसी दौर से करते हैं, हालांकि इस बार तकनीकी आधार कहीं अधिक ठोस है। फिर भी, मूल्यांकन और वास्तविक आय के बीच संतुलन महत्वपूर्ण है।भारतीय बाजार की संरचना में आईटी क्षेत्र का भार उल्लेखनीय है। जब आईटीसूचकांक गिरता है,तो समग्र सूचकांकों पर उसका प्रभाव स्वाभाविक है।1,068 अंकों की गिरावट केवल संख्यात्मक घटना नहीं, बल्कि निवेशकों की मनोदशा का प्रतिबिंब है। यह दर्शाता है कि तकनीकी क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता कितनी अधिक है। यदि एआई उपकरणों को लेकर आशंका बढ़ती है, तो विदेशी संस्थागत निवेशक भी अपने पोर्टफोलियो मेंसमायोजन कर सकते हैं, जिससे पूंजी प्रवाह प्रभावित होता है।यह भी समझना आवश्यक है कि बाजार समाचार पर नहीं, बल्कि समाचार की व्याख्या पर प्रतिक्रिया करता है। एथ्रोंपिक का कथन वस्तुतः एक तकनीकी उन्नयन की घोषणा थी, किंतु उसकी व्याख्या इस रूप में की गई कि इससे सॉफ्टवेयर सेवाओं की मांग घट सकती है। यही व्याख्या बिकवाली का आधार बनी। यदि वही घोषणा इस रूप में प्रस्तुत होती कि यह पारंपरिक आईटी कंपनियों के लिए नए अवसर सृजित करेगी, तो प्रतिक्रिया भिन्न हो सकती थी। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के दृष्टिकोण से देखकर समझने की करें तो वे राजनीतिक स्थिरता और नीति निरंतरता को महत्व देते हैं।जबव्यापार समझौते टूटते हैं या नए प्रतिबंध लगाए जाते हैं,तो जोखिम प्रीमियम बढ़ जाता है। इसका अर्थ है कि निवेशक अधिक प्रतिफल की मांग करते हैं या पूंजी सुरक्षित स्थानों पर ले जाते हैं।उभरते बाजारों में यह प्रभाव अधिक स्पष्ट दिखाई देता है क्योंकि वहाँ की अर्थव्यवस्थाएँ पूंजी प्रवाह पर निर्भर होती हैं। हालांकि यह भी सत्य है कि बाजार केवल नकारात्मक कारकों से संचालित नहीं होते। कई बार टैरिफ की घोषणा के बाद भी यदिकंपनियाँ अपेक्षा से बेहतर लाभ प्रस्तुत करती हैं, तो बाजार में तेजी आ सकती है। निवेशकों का ध्यान दीर्घकालिक विकास क्षमता पर भी रहता है। इसलिए हर उतार-चढ़ाव का कारण केवल ट्रंप या टैरिफ नहीं होता, बल्कि व्यापक आर्थिक संकेतक, तकनीकी नवाचार और उपभोक्ता मांग भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।तकनीकी क्षेत्र में अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा ने भी बाजारों को प्रभावित किया है।सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 5जी तकनीक में प्रतिस्पर्धा के कारण निर्यात प्रतिबंध लगाए गए। इससे संबंधित कंपनियों के शेयरों में अस्थिरता बढ़ी। निवेशकों को यह समझने में समय लगा कि कौन-सी कंपनियाँ नए नियमों के अनुकूल स्वयं को ढाल पाएंगी। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि 24 फरवरी 2026 की घटना यह स्पष्ट करती है कि आज के वैश्विकीकृत वित्तीय तंत्र में तकनीकी घोषणाएँ केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि वे समूचे पूंजी बाजार को प्रभावित कर सकती हैं। एआई की प्रगति निस्संदेह पारंपरिक उद्योगों के लिए चुनौती है, किंतु यह अवसरों का द्वार भी खोलती है। बाजार की तात्कालिक प्रतिक्रिया को दीर्घकालिक वास्तविकता मान लेना उचित नहीं होगा। इतिहास साक्षी है कि तकनीकी परिवर्तन प्रारंभ में अस्थिरता लाते हैं, परंतु अंततः वे आर्थिक संरचना को अधिक उत्पादक और दक्ष बनाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि निवेशक भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के बजाय तथ्यों, दीर्घकालिक रुझानों और कंपनी की मूलभूत क्षमताओं के आधार पर निर्णय लें। यही संतुलित दृष्टिकोण वैश्विक वित्तीय अस्थिरताओं के बीच स्थिरता प्रदान कर सकता है।

-संकलनकर्ता लेखक
- क्रर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425

# पैरा सोशल : सामाजिक विकृतियों का नया स्वरूप



राजेश पाठक

आज सोशल मीडिया के अतिशय प्रसार के कारण जहां एक ओर इसके साकारात्मक परिणाम सामने आए हैं वहीं दूसरी ओर इसके व्यापक चलन के कारण समाज में पैरा सोशल नामक एक नई विकृति अपना पैर पसारने लगी है। खासकर किशोर व युवा पीढ़ी इस विकृति के शिकार होने लगे हैं।इन पीढ़ियों का अधिकांश बहुमूल्य समय काल्पनिक खुशी व अनुत्पादक क्रियाकलापों में नष्ट होता जा रहा है जो किसी भी देश के बुनियादी मानव संसाधन पर एक गहरा आघात से कम नहीं। आज पैरा सोशल युवाओं के अंदर कुंठा व अवसाद का कारण बन रहा है जो किसी भी सभ्य व आधुनिक सामाज के लिए एक बड़ी चुनौती है।

**क्या है पैरा सोशल**? पैरासोशल (Parasocial) एकतरफा संबंधों को कहते हैं, जहाँ एक व्यक्ति किसी सेलिब्रिटी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, या काल्पनिक पात्र के साथ गहरा भावनात्मक लगाव महसूस करता है, जबकि सामने वाला (सेलिब्रिटी) उस व्यक्ति के अस्तित्व से अनजान होता है। वास्तव में यह शब्द 1956 में डोनाल्ड हॉर्टन और आर. रिचर्ड वोहल द्वारा गढ़ा गया था, जिसे कैंब्रिज डिक्शनरी ने 2025 का 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना है। पैरासोशल संबंध एकतरफा प्रकृति का होता है। आप उन्हें दोस्त या परिवार जैसा मानते हैं, लेकिन वे आपको नहीं जानते। उदाहरण के लिए किसी यूट्यूबर, इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर, टीवी कैरेक्टर, या AI चैटबॉट से जुड़ाव महसूस करना।यद्यपि ये संबंध अकेलेपन को कम कर सकते हैं और भावनात्मक सहारा देते हैं, लेकिन कभी-कभी हानिकारक (जैसे- काल्पनिक दुनिया में खो जाना) भी हो सकते हैं। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण आधुनिक डिजिटल युग ने इस प्रवृत्ति को अत्यधिक बढ़ा दिया है। एक हालिया शोध में यह बात सामने आई है कि पैरा सोशल संबंधों में लिप्त लोगों के वोटिंग विहेवियर, उनके द्वारा अनावश्यक मंहगी वस्तुओं की खरीदारी जैसी प्रवृत्तियां अपना स्थान बना लेती हैं और यह सब उन सेलेब्रिटीज के साथ अर्ध सामाजिक संबंधों के परिणाम होते हैं। इस संबंध में एक यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है जिसे आम लोगों को समझना चाहिए कि कोई भी सेलेब्रिटीज अपने सोशलमीडिया प्लेटफार्म को सामान्यतः स्वयं हैंडल नहीं करते हैं, समयाभाव के कारण वे इसको हैंडल करने के लिए एक अन्य कर्मी को नियुक्त किये रहते हैं। अतः वैसे लोग यह मान लेने कि भूल ही करते हैं कि सेलेब्रिटीज सोशलमीडिया प्लेटफार्म पर सीधे-सीधे उनसे जुड़े होते हैं।वास्तव में तो सच्चाई यही होती है और जब उन्हें इस सत्य का अहसास होता है तो मन में निराशा व अन्य मनोवैज्ञानिक मनस्ताप के दौर से गुजरना पड़ता है साथ ही इसका वास्तविक संबंधों पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इस प्रकार हम पाते हैं कि पैरासोशल रिश्ते वे एकतरफा संबंध होते हैं जो लोग मशहूर हस्तियों या काल्पनिक पात्रों जैसे मीडिया हस्तियों के साथ बनाते हैं।यद्यपि ये रिश्ते सुकून और प्रेरणा प्रदान कर सकते हैं, लेकिन अगर ये बहुत गहन हो जाएं तो वास्तविक जीवन के रिश्तों में भी बाधा डालना शुरू कर देते हैं। यह सत्य है कि मीडिया के उपभोग के दौरान पैरासोशल अंतःक्रियाएं होनी तय हैं परंतु जब लोगों में उत्पन्न अंतः क्रियाएं उनके दैनिक विचारों और भावनाओं को कुप्रभावित करने लग जाएं तो ये समाज एवं उस समाज में रह रहे लोगों के लिए एक चुनौतीपूर्ण सामाजिक व्यवस्था का सूत्रपात कर बेठते हैं जो पैरा सोशल संबंध के रूप में दृष्टिगोचर होता है जिससे आम लोगों को इस प्रवृत्ति से सचेत रहने की जरूरत है।

**(झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग में सांख्यिकी अधिकारी)**

# पाकिस्तान में बढ़ती दहशतगर्दी और भारत की सुरक्षा चुनौती



लेखक -मनोज कुमार अग्रवाल

बीती चार फरवरी को गाजियाबाद में तीन नाबालिग बहनों (निशिका 16, प्राची 14, और पाखी 12 वर्ष) की मौत की वारदात के पीछे की सच्चाई सामने नही आई है। इन तीनों ने भारत सिटी सोसाइटी की 9वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। इस मामले को आत्महत्या ही माना जा रहा है, लेकिन लड़की के पिता से जुड़े हैरान करने वाले खुलासे हो रहे हैं और उसका स्वयं का चरित्र विश्वसनीयता से परे है। आपको पता है कि बताया गया कि तीनों बच्चियां कोरियन गेम्स और ऑनलाइन कंटेंट की गंभीर लत में फंस चुकी थीं। परिवार द्वारा उन्हें इन गतिविधियों से दूर करने की कोशिश की गई, जिससे वे मानसिक रूप से टूट गईं और कथित तौर पर नौवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट से कूदकर अपनी जान दे दी। अब वहीं, दूसरी थ्योरी भी निकलकर सामने आ रही है। अब कहा जा रहा है कि मरने वाले बच्चियों के पिता आर्थिक तंगी से परेशान था। बिजली का बिल भरना था उसके लिए पैसे नहीं थे इसलिए उन्होंने बेटियों का फोन बेंच दिया, जिसके बाद से परिवार में महौल बिगड़ गया। इसके पहले लड़कियों के पिता चेतन ने ही बयान दिया था कि तीनों लड़कियां कोरियन गेम खेल रही थीं, जिसमें लास्ट टास्क पूरा करना था और उसके लिए उन्होंने छत से कूदकर अपनी जान दे दीं। अब पुलिस को इन गोलमटोल बयानों से संदेह और गहरा हो गया है। तीन बहनों के सुसाइड मामले के पार्श्व में कुछ असहज हकीकत छिपी हैं। पुलिस जितनी गहराई से जांच कर रही है, मामला उतना ही उलझता जा रहा है। अब तक यह जानकारी सामने आई थी कि मृत बच्चियों के पिता की तीन शादियां हुई थीं और उनके पांच बच्चे थे, लेकिन अब नए तथ्य सामने आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि पिता के एक चौथी महिला से भी संबंध थे, जिसकी मौत भी छत से गिरने के कारण हुई थी। इतना ही नहीं, उस महिला की मौत के बाद उसके ही एक रिश्तेदार के साथ संबंध बने, जिससे वह गर्भवती हो गई। यह सारी बातें बच्चियों के पिता चेतन ने पूछताछ के दौरान कबूल की हैं। पुलिस पूछताछ में जब मृत बच्चियों के पिता चेतन से उसकी शादियों और लिव-इन पार्टनर की मौत को लेकर सवाल किए गए, तो उसने तीन शादियां करने और एक महिला की मौत की बात स्वीकार की। चेतन ने बताया कि उसकी पहली पत्नी सुजाता है, लेकिन दोनों की कोई संतान नहीं हुई। इसके बाद सुजाता की सहमति से उसने अपनी सगी साली हिना से शादी कर ली। आगे चलकर चेतन का सीलमपुर में ससुराल के पड़ोस में रहने वाली तब्बू से संबंध बन गया और करीब नौ साल पहले वह उसे राजेंद्रनगर स्थित फ्लैट में साथ रहने के लिए ले आया। इसके बाद घर में लगातार विवाद होने लगे। वर्ष 2018 में तब्बू की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई थी। चेतन ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि घटना के वक्त वह घर पर मौजूद नहीं था और पुलिस जांच में उसे पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है। आपको बता दें कि तीन नाबालिग बहनों द्वारा बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या की गुत्थी उलझती जा रही है. एक पिता, दो मां और कुल पांच भाई बहन होने के चलते उलझे हुए रिश्ते और कोरियन गेम की लत वाली थ्योरी को लेकर बारीकी से जांच जारी है. महज 12, 14 और 16 साल की नाबालिग लड़कियों के पिता ने साफ साफ कहा कि उनकी बेटियों को कोरिया जाना था. परिवार के मुताबिक, तीनों बहनें कोई कोरियन गेम खेलने की आदि थीं. ये ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेला करती थीं. तीनों लड़कियों की आदत इस तरह हो चुकी थी कि वे नहाने, खाने, स्कूल जाने और सोने जैसे रोजमर्रा के सभी काम एक साथ किया करती थीं. इसी तरह तीनों ने एक साथ इमारत से कूदकर आत्महत्या की. इस घटना से परिवार सदमे में है. हालांकि, सच क्या है ये सवाल अभी भी सवाल ही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस जांच में यह चौंकाने वाली बात सामने आई है कि तीनों बहनों ने अपना एक यूट्यूब चैनल शुरू किया था. इस चैनल पर वे कोरियन कल्चर, कोरियन ड्रामा, म्यूजिक और वहां के रहन-सहन से जुड़े वीडियो अपलोड करती थीं. यह चैनल काफी पॉपुलर हो चुका था और इसके लगभग 2000 से ज्यादा सब्सक्राइबर्स थे. जब पिता को इस चैनल और बेटियों की कोरियन कल्चर के प्रति बढ़ती दीवानगी का पता चला, तो उन्होंने वह यूट्यूब चैनल डिलीट करवा दिया. पिता का यह कदम बेटियों को रास नहीं आया और वे उनसे नाराज रहने लगीं. बेटियों को लगा कि उनकी 'डिजिटल पहचान' छीन ली गई है.पिता ने कैमरे पर आए बिना बताया कि बच्चों ने कोरियन पर्सनैलिटी बनाई थी और अपना नाम बदल दिया था ये सच है. लॉस था मेरा 20-30 लाख का, लेकिन ये वजह खुदकुशी की नहीं हो सकती है. वे बोलते थे हम कोरिया जाएंगे, कोरिया ले चलो, इंडियन के नाम से गुस्सा आ जाता था, बच्चे तो इंडिया के नाम पर खाना तक नहीं खाते थे. उन्होंने कहा- हम चाहते हैं कोरियन ड्रामा, वीडियो जो भी चल रहे हैं जिनसे बच्चे एडिक्ट हो रहे हैं वे सभी बन्द होने चाहिए. बच्चे ऐसी चीजें तीन चार साल से देख रहे थे. वो कहते थे कि कोरिया नहीं गए तो मर जाएंगे.घर की छानबीन में पुलिस को पता चला कि लड़कियों ने अपना कमरा पूरी तरह कोरियन स्टाइल में सजा रखा था. वे अपनी सबसे छोटी बहन को 'देवु' और अन्य को 'लीनो' व 'कुइना' जैसे कोरियन नामों से बुलाती थीं. चौंकाने वाली बात यह है कि जिन बच्चों से उन्हें चिढ़ थी, उन्हें वे 'बॉलीवुड नाम' देकर संबोधित करती थीं. वे कोरिया की रीति-रिवाजों के अनुसार ही प्रभावित करना चाहती थीं और पूरी तरह उसी संस्कृति में ढल चुकी थीं. इन तीनों मासूमों की मौत के पीछे जिस तरह कोरियन गेम और मोबाइल इंटरनेट से प्रभावित हो रही किशोरावस्था को जोडने की कोशिश की जा रही है वह अधूरा सच मालूम पड़ती है। दरअसल एक रियल स्टेट कारोबारी द्वारा तीन तीन शादी करना और इसके बावजूद लिवइन रिलेशन बनाना और एक लिव-इन पार्टनर की संदिग्ध परिस्थितियों में इसी तरह फ्लोर से कूदकर सुसाइड करना तीनों अभागी बच्चियों के पिता के एक ऐसे चरित्र को उद्घाटित कर रहा है जो बेहद अय्याश किस्म का मालूम पड़ता है। तीनों बच्चियों का कई साल से स्कूल नही जाना यह बताता है कि यह व्यक्ति पारिवारिक जिम्मेदारी का निर्वाह न कर अपनी अय्याशी और मस्ती में तल्लीन था। कल्पना कीजिए यदि किशोरावस्था की तीन बच्चियों को नवीं मंजिल के फ्लोर पर समाज से दूर रखा जाए और स्कूली शिक्षा से भी दूर रखा जाए तो वह अपनी एकांत व अकेलेपन को दूर करने के लिए मोबाइल इंटरनेट को ही सहारा बनाने के लिए मजबूर हो सकती है ऐसे हालात पैदा करने के लिए यह पिता स्वयं जिम्मेदार है जिसने मोबाइल से अपने एकांत को काट रही लड़कियों का मोबाइल भी छीन लिया और उसे बेच दिया। ऐसा कर एक पिता ने खुद बच्चियों को अवसाद में धकेलने का काम किया। इस मामले की सीबीआई जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी साफ किया जाना चाहिए। यह सारा प्रकरण एक गैर जिम्मेदार अय्याश और शेयर ट्रेडिंग से बिना मेहनत पैसे कमाने के लालच में अपना धन गंवाने वाले गैर जिम्मेदार परिवार के मुखिया की लापरवाही भरी निर्लज्जता का परिणाम मालूम पडती है जिसके चलते तीन होनहार नाबालिग बच्चियों को असमय मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर कर दिया।

# राजस्थान में बसों के पहिए थमे, जिम्मेदारी भी ठहरी प्रशासन की सुस्ती से यात्री सड़कों पर



लेखक- कांतिलाल मांडोत

राजस्थान में निजी बस ऑपरेटर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने आमजन के सामने एक बार फिर यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि जब परिवहन व्यवस्था का बड़ा हिस्सा निजी हाथों में हो और वह अचानक ठप हो जाए, तो प्रशासन की वैकल्पिक तैयारी कहाँ है। जयपुर, कोटा, अजमेर, सीकर और उदयपुर सहित कई शहरों में सोमवार रात 12 बजे से निजी बसों का संचालन रुक गया। ऑपरेटर्स का दावा है कि प्रदेश की लगभग 35 हजार कॉन्ट्रैक्ट कैरिज, स्टेज कैरिज और लोक परिवहन बसें बंद हैं, जिनसे प्रतिदिन 15 लाख से अधिक यात्री सफर करते हैं। यदि यह आंकड़ा सही है तो यह केवल हड़ताल नहीं, बल्कि प्रदेश की जीवनरेखा पर लगा ब्रेक है। राजधानी जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह से लंबी कतारें दिखाई दीं। यात्री घंटों इंतजार करते रहे, कई को बसें नहीं मिलीं। रोडवेज बसों में ठसाठस भीड़ रही। पुलिसकर्मी यात्रियों को लाइन में चढ़ाने की कोशिश करते दिखे, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल लाइन लगवाना ही प्रशासनिक तैयारी कहलाता है। कोटा के बालाजी मार्केट बस स्टैंड से एक भी निजी बस नहीं निकली। सीकर में भी निजी बसें बंद रहीं। अजमेर में तो निजी बस ऑपरेटर्स ने 28 फरवरी को होने वाली प्रधानमंत्री की रैली के लिए भी बसें उपलब्ध न कराने की घोषणा कर दी। हालांकि जोधपुर में हड़ताल का असर सीमित रहा और कई निजी बसें सामान्य रूप से चलती रहीं, जिससे यह भी स्पष्ट होता है कि स्थिति पूरी तरह एकसमान नहीं है। हड़ताल का कारण परिवहन विभाग की कार्रवाई को बताया जा रहा है। बस संचालकों का आरोप है कि आरसी सस्पेंड की जा रही हैं, भारी-भरकम चालान काटे जा रहे हैं, पुरानी गाड़ियों पर धारा 153 लगाई जा रही है, रास्ते में सवारियों से भरी बसों को खाली कराया जा रहा है और लगेज कैरियर लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही। यदि विभाग नियमों का पालन करवा रहा है तो पारदर्शिता के साथ संवाद क्यों नहीं हो पाया। यदि कहीं अति हो रही है तो उसका परीक्षण क्यों नहीं हुआ। सचिवालय में वार्ता के बावजूद सहमति न बन पाना प्रशासनिक संवादहीनता का संकेत है। कटाक्ष यह है कि हमारे प्रशासनिक तंत्र को अक्सर संकट के बाद सक्रिय होते देखा जाता है। जब हजारों यात्री बस स्टैंड पर भटकने लगते हैं, तब अतिरिक्त बसों की घोषणा की जाती है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि जरूरत पड़ी तो राउंड बढ़ाए जाएंगे। प्रश्न यह है कि जरूरत का आकलन पहले क्यों नहीं किया गया। यदि प्रदेश में 15 लाख से अधिक लोग प्रतिदिन निजी बसों से यात्रा करते हैं तो हड़ताल की आशंका भर से एक आपात योजना तैयार हो जानी चाहिए थी। केवल बयान जारी कर देना कि व्यवस्था कर ली जाएगी, पर्याप्त नहीं है। उदयपुर में ट्रैवल्स एसोसिएशन के पदाधिकारी धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि जिन बसों का रजिस्ट्रेशन विभाग ने किया, उन्हीं के परमिट निरस्त किए जा रहे हैं और फिटनेस रद्द की जा रही है। यदि यह सही है तो नीति और क्रियान्वयन में तालमेल की कमी स्पष्ट है। वहीं प्रशासन का पक्ष है कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह पर अड़े हैं, लेकिन पीस रहा है आम यात्री। होली और खाटूश्याम मेले के कारण पहले से ही भीड़ अधिक है। ऐसे समय में परिवहन ठप होना केवल असुविधा नहीं, बल्कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता का उदाहरण बन जाता है। प्रशासन की जवाबदेही केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं हो सकती। उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि कानून लागू करते समय जनजीवन बाधित न हो। परिवहन विभाग को चाहिए कि वह स्पष्ट और लिखित गाइडलाइन जारी करे जिसमें यह बताया जाए कि किन परिस्थितियों में आरसी सस्पेंड होगी, किन मामलों में धारा 153 लगेगी, चालान की अधिकतम सीमा क्या होगी और अपील की प्रक्रिया क्या है। यदि नियम स्पष्ट और समान रूप से लागू होंगे तो विवाद की गुंजाइश कम होगी। साथ ही एक संयुक्त समन्वय समिति बनाई जा सकती है जिसमें परिवहन विभाग, रोडवेज और निजी बस संघों के प्रतिनिधि शामिल हों, ताकि किसी भी कार्रवाई से पहले संवाद का रास्ता खुला रहे। सरकार को यह भी समझना होगा कि निजी बसें केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवा का हिस्सा हैं। यदि 35 हजार बसें बंद होती हैं तो उसका सीधा असर श्रमिकों, विद्यार्थियों, मरीजों और छोटे व्यापारियों पर पड़ता है। इसलिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थायी परमिट जारी कर अतिरिक्त रोडवेज बसें चलाई जा सकती हैं। जरूरत पड़े तो पड़ोसी राज्यों से समन्वय कर बसों की अस्थायी तैनाती की जा सकती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए ताकि यात्रियों को पहले से पता हो कि कौन-सी बसें चल रही हैं और कौन-सी नहीं। बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं और किराए में अनावश्यक बढ़ोतरी पर निगरानी रखी जाए।

# भारत सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा

- रन रेट सुधारने के लिए बड़े अंतर से जीत जरूरी, एक और हार टूर्नामेंट से बाहर कर देगी




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने सोमवार को टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर-8 के अपने पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 107 रन से हरा दिया। इस जीत ने भारत की परेशानी बढ़ा दी है। भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने पहले मैच में 76 रन से हार गई थी। ग्रुप की टॉप-2 टीम को ही सेमीफाइनल में जगह मिलेगी। भारत का सेमीफाइनल समीकरण यह है।

### अगर भारत दोनों मैच जीतता है

- अगर भारत वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दोनों को हरा देता है, तो उसके चार पॉइंट्स हो जाएंगे। अगर साउथ अफ्रीका अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है, तो इंडिया और साउथ अफ्रीका दोनों सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेंगे।
- अगर इंडिया दोनों मैच जीत जाता है और **साउथ अफ्रीका अपना एक मैच हार जाता है,** तो तीन टीमें चार पॉइंट्स पर बराबर हो सकती हैं। उस मामले में क्वालिफिकेशन नेट रन रेट से तय होगा।
- अगर **इंडिया अपने दोनों मैच जीत जाती है** और साउथ अफ्रीका अपने दोनों मुकाबले हार जाता है, तो इंडिया और वेस्टइंडीज सेमीफीइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएंगे।
- **अगर भारत सिर्फ एक मैच जीतता है-** केवल एक जीत से भारत के पास सेमीफाइनल में पहुंचने के चांस ना के बराबर हो जाएंगे, चाहे बाकी परिस्थितियां कैसी भी हों।

## हरमनप्रीत कौर के लगी चोट, बीसीसीआई ने जारी किया मैडिकल अपडेट

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हरमनप्रीत कौर पर अपडेट दिया है, जब मंगलवार को एलन बॉर्डर फील्ड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में बैटिंग करते हुए भारतीय कप्तान के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, बल्लेबाजी करते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर दूसरी पारी में मैदान पर नहीं उतरीं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर नजर रख रही है। उनकी गैरमौजूदगी में उप-कप्तान स्मृति मंधाना टीम की कप्तानी कर रही हैं। हरमनप्रीत ने एशले गार्डनर की गेंद पर आउट होने से पहले 84 गेंदों पर 53 रन बनाकर एक अहम लेकिन धीमी पारी खेली।

महिला टी20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का ऐलान

# भारत की पहली भिड़ंत पाकिस्तान से

### महिला टी20 विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने वाली टीमों की लिस्ट

- ऑस्ट्रेलिया
- भारत
- पाकिस्तान
- साउथ अफ्रीका
- बांग्लादेश
- नीदरलैंड
- आयरलैंड
- स्कॉटलैंड
- इंग्लैंड
- न्यूजीलैंड
- श्रीलंका
- वेस्टइंडीज




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड में होने वाला है। 12 जून से वर्ल्ड कप का आगाज होगा। टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने शेड्यूल का भी ऐलान कर दिया है। महिला टी20 वर्ल्ड कप का पहला मैच इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। कुल 12 टीमें टी20 वर्ल्ड कप में इस बार भाग लेंगी। 6-6 टीमों के 2 ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड हैं। वहीं ग्रुप बी में आयरलैंड, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और वेस्टइंडीज हैं।

### 14 जून को होगा भारत-पाकिस्तान का महामुकाबला?

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में खेला जाएगा। बता दें कि यह भारत का टूर्नामेंट में पहला मैच भी होगा। इसके बाद 17 जून को भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से हेडिंग्ले में होगी। 21 जून को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ओल्ड ट्रेफर्ड में मुकाबला होगा। 25 जून को भारत और बांग्लादेश ओल्ड ट्रेफर्ड में आमने-सामने होंगे। भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

### महिला टी20 विश्व कप 2026 का शेड्यूल (भारतीय समयानुसार)

| दिन | दिनांक | मैच | स्थान समय (IST) |
|---|---|---|---|
| शुक्रवार, 12 जून | इंग्लैंड बनाम श्रीलंका | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | स्कॉटलैंड बनाम आयरलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 13 जून | वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | एजबेस्टन | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 14 जून | भारत बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 16 जून | इंग्लैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश | हेडिंग्ले | दोपहर 3.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | भारत बनाम नीदरलैंड | हेडिंग्ले | शाम 7.00 बजे |
| बुधवार, 17 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम पाकिस्तान | एजबेस्टन | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 18 जून | वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 19 जून | न्यूजीलैंड बनाम आयरलैंड | हैम्पशायर बाउल | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड | हैम्पशायर बाउल | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश | हैम्पशायर बाउल | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 20 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | वेस्टइंडीज बनाम श्रीलंका | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 21 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | न्यूजीलैंड बनाम स्कॉटलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | श्रीलंका बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| मंगलवार, 23 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान | हेडिंग्ले | रात 11.00 बजे |
| बुधवार, 24 जून | इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | भारत बनाम बांग्लादेश | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| गुरुवार, 25 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शुक्रवार, 26 जून | श्रीलंका बनाम स्कॉटलैंड | ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड | रात 11.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | पाकिस्तान बनाम नीदरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | वेस्टइंडीज बनाम आयरलैंड | ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड | शाम 7.00 बजे |
| शनिवार, 27 जून | इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड | द ओवल | रात 11.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | दोपहर 3.00 बजे |
| रविवार, 28 जून | ऑस्ट्रेलिया बनाम भारत | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7-00 बजे |
| मंगलवार, 30 जून | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 1) | द ओवल | शाम 7-00 बजे |
| गुरुवार, 2 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (सेमीफाइनल 2) | द ओवल | रात 11-00 बजे |
| रविवार, 5 जुलाई | टीबीसी बनाम टीबीसी (फाइनल) | लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड | शाम 7-00 बजे |

- वेस्टइंडीज से शर्मनाक हार के बाद जिम्बाब्वे के कोच का भारत पर बड़ा बयान

# सूर्या सेना को बचकर रहना होगा!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच जस्टिन सैमन्स जानते हैं कि भारत उनके खिलाफ गुरुवार को टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबले में आक्रामक रुख अपनाएगा। लेकिन उनका मानना है कि वेस्टइंडीज से मिली करारी हार से मिले सबक के बाद उनकी कमजोर मानी जाने वाली टीम इस महत्वपूर्ण मैच के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगी।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को यहां खेले गए सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन से करारी शिकस्त दी। भारत को भी अपने पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका से 76 रन से हार का सामना करना पड़ा था और सैमन्स को लगता है कि भारतीय टीम उनके खिलाफ शुरू से ही हावी होकर खेलने की कोशिश करेगी।

### जस्टिन सैमन्स ने अपने बयान में क्या कहा?

वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के बाद सैमन्स ने कहा, 'हम जानते हैं कि भारत किस तरह से खेलेगा और उनका तरीका भी वैसा ही होगा जैसा कि वेस्टइंडीज ने अपनाया। वे (भारत) कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, 'इससे हमें अच्छी सीख मिलेगी। हम दबाव से कैसे निपटते हैं, हम कैसे शांत रहते हैं और कैसे तुरंत सोच-समझकर काम करते हैं। हम कैसे बदलाव करने की कोशिश करते हैं और कैसे बल्लेबाजों की लय को बिगाड़ते हैं।'

# टी-20 वर्ल्डकप मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बना

पॉवेल ने सिकंदर रजा का माथा चूमा, हेटमायर ने 108 मीटर का सिक्स लगाया

**मुंबई (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने टी-20 वर्ल्ड कप के चौथे सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे को 107 रन के बड़े अंतर से हराया। वानखेड़े स्टेडियम में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 254 रन बनाए। 255 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे 17.4 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। 19 बॉल पर फिफ्टी लगाने वाले शिमरोन हेटमायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस मैच में 10 रिकॉर्ड और रोचक मोमेंट्स देखने को मिले। आगे पढ़िएज

**मैच के टॉप रिकॉर्ड्स-** टी-20 वर्ल्डकप के एक मैच में सबसे ज्यादा सिक्स लगे इस मैच में कुल 31 छक्के लगे। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में किसी एक मैच में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड है। पिछला रिकॉर्ड 30 सिक्स का था।




## व्यापार

अरबपतियों की लिस्ट में उथल-पुथल

## 200 अरब डॉलर क्लब से अब यह भी बाहर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टॉप-10 अमीरों में से 7 अरबपतियों की इस साल दौलत में सेंध लग गई है। वहीं, 200 अरब डॉलर क्लब भी अब और छोटा हो गया है। इसमें से एक और मेंबर बाहर हो गया है। दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। टॉप-10 अमीरों में से 7 अरबपतियों की इस साल दौलत में सेंध लग गई है। वहीं, 200 अरब डॉलर क्लब भी अब और छोटा हो गया है। इसमें से एक और मेंबर बाहर हो गया है। सोमवार को टेक जाइंट्स टॉप-6 अरबपतियों की दौलत करीब 30 अरब डॉलर से अधिक कम हो गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में एलन मस्क, लैरी पेज, सग्री ब्रिन, मार्क जुकरबर्ग, जेफ बेजोस और लैरी एलिसन की दौलत में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क को 8.60 अरब डॉलर का झटका लगा और उनकी दौलत अब 664 अरब डॉलर रह गई है। लैरी पेज 2.55 अरब डॉलर गंवाए, हालांकि, वह 268 अरब डॉलर के साथ दुनिया के दूसरे सबसे रईस हैं। तीसरे नंबर पर काबिज सर्गी ब्रिन को भी 2.34 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। उनका नेटवर्थ अब 249 अरब डॉलर है। जेफ बेजोस को 4.10 अरब डॉलर का झटका लगा। अब वह 232 अरब डॉलर के साथ दुनिया के चौथे सबसे रईस हैं। मार्क जुकरबर्ग 226 अरब डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर हैं। इन्हें 6.26 अरब डॉलर की चोट पहुंची है। लैरी एलिसन को सोमवार को 6.98 अरब डॉलर का झटका लगा। एलिसन इस झटके के साथ ही 200 अरब डॉलर क्लब से बाहर हो गए हैं। इस क्लब में अब केवल 5 लोग ही रह गए हैं। जिनकी दौलत 200 अरब डॉलर या इससे अधिक है। सोमवार को सबसे अधिक चोट इसी क्लब पर पड़ी है। अगर टॉप-7 अरबपतियों की बात करें तो इस साल की कमाई की लिहाज से 6 लाल निशान में आ गए हैं। केवल एलन मस्क की संपत्ति ही इस साल अबतक 44.5 अरब डॉलर बढ़ी है।

# पीएम सूर्य घर योजना से 30 लाख घर रोशन

### बिजली बिल में राहत; प्रधानमंत्री मोदी ने भी सराहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने की उपलब्धि को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का बड़ा कदम बताया। पीएम सूर्य घर योजना के तहत परिवारों को बिजली बिल में राहत मिल रही है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि कहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश में 30 लाख घरों में रूफटॉप सोलर लगाने की उपलब्धि को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा का बड़ा मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों को बधाई दी और इसे बचत, स्थिरता और आत्मनिर्भरता से जुड़ा जनआंदोलन बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि रूफटॉप सोलर अपनाने वाले परिवारों ने न केवल अपने बिजली बिल में कमी लाई है, बल्कि देश को हरित ऊर्जा की ओर आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना ऊर्जा सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और भविष्य के लिए तैयार भारत बनाने की सरकार की सोच का हिस्सा है। 30 लाख घरों तक पहुंची योजना केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अब तक 30 लाख घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। जोशी ने कहा कि यह कदम सूरज की रोशनी को बचत और सतत विकास में बदलने का उदाहरण है।

## कार की सवारी होगी महंगी, छोटी कारों के दाम 10 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छोटी कारें बनाने वाली कंपनियों के लिए आने वाले दिन मुश्किल भरे हो सकते हैं। अगर ईंधन की बचत और प्रदूषण कम करने से जुड़ाकैफे-3 का नया ड्राफ्ट लागू होता है, तो छोटी कारों को बनाना और बेचना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, अलग-अलग मंत्रालय नियमों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। पिछले दो सालों में कैफे-3 का यह तीसरा ड्राफ्ट है। जानकारों का कहना है कि अगर कार कंपनियां नए नियमों की वजह से छोटी कारें बनाने में कम दिलचस्पी लेंगी, तो इससे उन लोगों को झटका लगेगा जो टू-व्हीलर से कार पर शिफ्ट होना चाहते हैं। इंडस्ट्री के जानकारों का मानना है कि कैफे-3 लागू होने के बाद नई कारों की लागत करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। कंपनियों को नए नियमों पर खरा उतरने के लिए या तो गाड़ियों में ईंधन बचाने वाली महंगी तकनीक लगानी होगी या फिर भारी जुर्माना भरना होगा। पीएमओ को भेजी गईं सिफारिशें प्रस्तावित दिशानिर्देशों के अनुसार, ईवीएस या रेंज-एक्सटेंडर हाइब्रिड ईवीएस बेचने वालों को तीन सुपर क्रेडिट मिलेंगे, जबकि पेट्रोल-डीजल गाड़ियां बेचने वालों को एक पॉइंट मिलेगा। सभी कारों का औसत माइलेज कितना होना चाहिए। वे कितना कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ सकती हैं। कैफे -3 के नए ड्राफ्ट (जो अभी तक जारी नहीं हुआ है) के मुताबिक, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी ने छोटी कार बनाने वाली कंपनियों को मिलने वाली एक्स्ट्रा छूट या राहत को खत्म करने का प्रस्ताव दिया है। इसमें रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक व्हीकल को भी शामिल किया गया है।

# बीमा एजेंट ना बनें बैंक, काम पर ध्यान दें...

### मिस-सेलिंग पर वित्त मंत्री ने दी चेतावनी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा गलत जानकारी के साथ बेची जा रही बीमा पॉलिसी व अन्य उत्पादों पर कड़ी चेतावनी दी है। कहा कि, जरूरत न होने के बावजूद भी ग्राहकों को बीमा बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं, जबकि उनका मुख्य कार्य बैंकिंग सेवाएं देना है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों द्वारा गलत जानकारी के साथ बेची जा रही बीमा पॉलिसी व अन्य उत्पादों पर कड़ी चेतावनी दी है। उनका कहना है कि बैंकों का मूल कार्य जमा (धनराशि) जुटाने और ऋण देने है और बैंक उसी पर ध्यान केंद्रित करें। सोमवार को बजट के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि बैंक जरूरत न होने के बावजूद भी ग्राहकों को बीमा बेचने में अधिक समय लगा रहे हैं जबकि उनका मुख्य कार्य बैंकिंग सेवाएं देना है। उन्होंने कहा कि मिस-सेलिंग लंबे समय से चिंता का विषय रही है और अब इस पर सख्ती जरूरी है। कई मामलों में ग्राहकों के पास पहले से बीमा पॉलिसी होती है, लेकिन उसके बावजूद बैंक उन पर नई बीमा पॉलिसी लेने का दबाव बनाते हैं। खासकर होम लोन लेते समय ग्राहकों से अतिरिक्त बीमा लेने को कहा जाता है, जबकि संपत्ति पहले से ही गिरवी होती है। ऐसे में नियामक की जिम्मेदारी स्पष्ट न होने के कारण ग्राहकों को नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने कहा कि बैंकों को ग्राहकों की जरूरत समझने, जमा बढ़ाने और जिम्मेदारी के साथ ऋण देने पर ध्यान देना चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली को अधिक मानवीय और ग्राहक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। मौजूदा समय में बैंकों ने ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने और उनकी वित्तीय जरूरतों को समझने की मूल कार्य दूरी बना ली है, जिससे ग्राहकों में असंतोष बढ़ा है। बैंक अपने कम लागत वाले जमा यानी (करंट अकाउंटङ्कसेविंग अकाउंट) को मजबूत करने पर जोर दें और ग्राहक केंद्रित सेवाएं विकसित करें।

## जल्द लौटाई जाएगी 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में पड़ी राशि; बंद होंगे 31.86 लाख खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रम मंत्रालय ने 7.11 लाख निष्क्रिय पीएफ खातों में फंसी 30.52 करोड़ रुपये खाताधारकों या वारिसों को जल्द लौटाने का निर्णय लिया। 31.86 लाख निष्क्रिय खातों को बंद किया जाएगा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के 7.11 लाख निष्क्रिय खातों में फंसे 30.52 करोड़ रुपये जल्द संबंधित खाताधारकों या उनके कानूनी वारिसों को लौटाए जाएंगे। श्रम मंत्रालय का यह फैसला ऐसे 31.86 लाख खातों को बंद करने की पहल का हिस्सा है, जो मौजूदा समय में निष्क्रिय पड़े हैं। मंत्रालय के मुताबिक इनमें कुछ खाते 20 साल तक पुराने हैं, जिनमें तीन साल से कोई लेनदेन नहीं हुआ। मंत्रालय ने बताया कि निष्क्रिय खातों को बंद करने के पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर अभी ऐसे सात लाख खातों को चुना गया है, जिनमें शून्य से 1,000 रुपये तक राशि जमा है और ये आधार से जुड़े हैं। लिहाजा, ईपीएफओ सीधे उनके खाते में यह पैसे ट्रांसफर कर देगा। इन खातों में 30.52 करोड़ रुपये जमा हैं। पायलट प्रोजेक्ट सफल होने पर बाकी खातों में भी इसी तरह से पैसे लौटा दिए जाएंगे। निजी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों के लिए भविष्य निधि एक अनिवार्य सरकारी योजना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM
किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)